दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 284 | जयपुर | सोमवार, 18 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-दशमीं संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


संक्षिप्त समाचार

## हाईकोर्ट बोला- महिला का रोना दहेज उत्पीड़न साबित नहीं करता

### मृतक की बहन बोली थी- फोन पर रो रही थी; पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट-मौत निमोनिया से हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान कहा- सिर्फ इसलिए कि कोई महिला रो रही थी, इसे दहेज उत्पीड़न का मामला नहीं माना जा सकता। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने यह टिप्पणी उस याचिका को खारिज करते हुए की, जिसमें पति और उसके परिवार को दहेज उत्पीड़न के आरोपों से बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने कहा, इस मामले में क्ररूरता के कारण मौत होने का कोई सबूत नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण निमोनिया बताया गया है। मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। इसलिए धारा 498ए आईपीसी के तहत क्रूरता का मामला नहीं बनता। दरअसल, महिला की शादी दिसंबर 2010 में हुई थी। उसने 2 बेटियों को जन्म भी दिया था। महिला की 31 मार्च 2014 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिवार का आरोप था कि उन्होंने शादी में करीब 4 लाख रुपए खर्च किए।

## एल्विश के घर फायरिंग, भाऊ गैंग ने जिम्मेदारी ली

बढ़ता राजस्थान

**गुरुग्राम ( एजेंसी )।** फेमस यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर पर रविवार (17 अगस्त) की सुबह 6 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें चेहरे ढंके और हेलमेट पहने दो युवक दिखाई दे रहे है। वे भागते हुए आते हैं और एल्विश के घर पर 24 गोलियां चलाते दिख रहे हैं। ये गोलियां एल्विश के घर की बालकनी, दीवारों और खिड़की और दरवाजों पर लगीं। जिस वक्त फायरिंग हुई, घर में एल्विश नहीं थे। उनकी मां सुषमा यादव और केयरटेकर घर पर थीं। हालांकि घर के भीतर होने की वजह से उनकी जान बच गई। फायरिंग का पता चलते ही गुरुग्राम पुलिस की टीमें तुरंत एल्विश के घर पहुंचीं और गोलियों के खोल जब्त कर जांच शुरू कर दी। गुरुग्राम पुलिस का कहना है कि एल्विश को पिछले दिनों किसी तरह की धमकी मिलने की कोई जानकारी नहीं है।

## पंजाब से आए सरपंच को लाल किले में एंट्री नहीं

### स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली बुलाया

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** स्वतंत्रता दिवस की परेड में हिस्सा लेने के लिए पंजाब के नाभा ब्लॉक से दिल्ली आए सिख सरपंच को लाल किले में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। उन्हें राष्ट्रीय सम्मान के लिए बुलाया गया था और हाल ही में जल शक्ति विभाग की ओर से सम्मानित भी किया गया था। सरपंच गुरध्यान सिंह अमृतधारी सिख हैं और उन्होंने अपने साथ कृपाण को रखा था। दिल्ली से लौटकर गुरध्यान सिंह ने बताया कि कृपाण की वजह से उन्हें अंदर जाने नहीं दिया गया। वे नाभा ब्लॉक के गांव कलसाना के सरपंच हैं और उन्हें सेनिटेशन विभाग की ओर से सम्मानित किया गया था।



# अमेरिका से टैरिफ वॉर के बीच पीएम बोले- स्वदेशी अपनाओ

## कहा- व्यापारी विदेशी छोड़ मेड इन इंडिया प्रोडक्ट बेचें; द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया

बढ़ता राजस्थान

**गुरुग्राम/दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के रोहिणी में देश के पहले 8 लेन एलिवेटेड हाईवे द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने को कहा। मोदी मंच से बोले- भारतीय हैं तो भारत में बना सामान ही खरीदें। दिवाली पर भी वही सामान खरीदें, जो भारतीयों ने भारत में बनाया है। व्यापारी भी विदेशी सामान छोड़कर लोकल सामान बेचें। पीएम का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर खींचतान चल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में रूस से तेल आयात को लेकर भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25% शुल्क लगाने का ऐलान किया है। 25% टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो चुका है, जबकि अतिरिक्त 25% टैरिफ 27 अगस्त से लागू करने का ऐलान किया गया है। ऐसे में प्रधानमंत्री के इस संदेश को स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और विदेशी दबाव के बीच 'मेड इन इंडिया' को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

**मोबाइल निर्माण में आत्मनिर्भर भारत:** पीएम मोदी ने कहा कि 11 साल पहले भारत अपनी जरूरत के फोन बाहर से मंगाता था, लेकिन अब देश में ही हर साल 30 से 35 करोड़ मोबाइल फोन बनाए जा रहे हैं और उन्हें निर्यात भी किया जा रहा है।

**व्यापारी विदेशी सामान छोड़ें:** प्रधानमंत्री ने अपील की कि व्यापारी विदेशी सामान बेचना छोड़ें और 'मेड इन इंडिया' के उत्पाद पूरे गर्व से बेचें। उन्होंने कहा कि पहले व्यापारी ज्यादा मुनाफे के लिए विदेशी सामान लाते थे, लेकिन अब समय आ गया है कि वे लोकल प्रोडक्ट्स को बढ़ावा दें।

**खिलौनों से लेकर एक्सपोर्ट तक बदली तस्वीर:** पीएम ने आगे कहा कि एक दशक पहले तक भारत खिलौने भी बाहर से मंगाता था। आज हालात बदल चुके हैं और देश 100 से अधिक देशों में खिलौने निर्यात कर रहा है। उन्होंने कहा की यह बदलाव इस बात का सबूत है कि भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और दुनिया को लोकल प्रोडक्ट्स से जोड़ रहा है।

**दिवाली पर डबल बोनस मिलेगा:** मोदी ने कहा- जीएसटी में नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा है। दिवाली पर डबल बोनस मिलने वाला है। इसका पूरा प्रारूप राज्यों को भेज दिया है।

**यूपीए सरकार में सिर्फ फाइलें चलती थीं:** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान फाइलें चलती थीं, लेकिन उन पर काम हमने किया। जब केंद्र में राज्यों में भाजपा की सरकारें बनीं तो विकास शुरू हुआ।

**संविधान सिर पर रख नाचने वाले इसे कुचलते थे:** मोदी ने कहा- जो लोग संविधान सिर पर रखकर नाचते हैं, वही उसे कुचलते भी थे और बाबा साहब की भावनाओं से विश्वासघात करते थे।

### महाराष्ट्र के राज्यपाल

# सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट...

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। रविवार को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेता मौजूद थे। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। सीपी राधाकृष्णन का पूरा नाम चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन है। इनका जन्म 4 मई 1957 को तिरुपुर, तमिलनाडु में हुआ था। 16 साल की उम्र में ही आरएसएस से जुड़ गए थे। 1998 और 1999 में कोयंबटूर सीट से सांसद बने थे। 2004 से 2007 तक तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। 2023 में झारखंड के राज्यपाल बने थे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

### भाजपा संसदीय दल की बैठक में तय हुआ नाम, 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे




# जरूरी चीजों के दाम 10% घटेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)

केंद्र सरकार ने अमेरिका के टैरिफ का जवाब देने की तैयारी कर ली है। इसके लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ा बदलाव करने की तैयारी है। इसे 'जीएसटी 2.0 या नेक्स्ट जेन जीएसटी' नाम दिया गया है। इसका ऐलान शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से किया। उन्होंने इसे दिवाली गिफ्ट कहा। यानी सितंबर में जीएसटी बैठक करके सरकार ये बदलाव कर सकती है। अभी जीएसटी में 4 टैक्स स्लैब 5%, 12%, 18% और 28% हैं। सुधार के बाद दो स्लैब 5% और 18% ही रहेंगे। इससे 12% जीएसटी के दायरे में आने वाली मक्खन, फ्रूट जूस, ड्राय फ्रूट्स जैसी 99% वस्तुएं 5% के दायरे में आ जाएंगी। सीधे तौर पर कहें तो ये वस्तुएं 7% सस्ती हो जाएंगी। ऐसे ही 28% टैक्स के दायरे में आने वाली सीमेंट, एसी, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसी 90% वस्तुएं 18% के स्लैब में आ जाएंगी। यानी 10% तक सस्ती।

### 10 लाख वस्तुओं में से ज्यादातर के जीएसटी स्लैब बदलेंगे फ्रिज से सीमेंट तक सस्ते होंगे








# राहुल का नाम लिए बिना चुनाव आयोग का निशाना

## प्रेजेंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं, वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चुनाव आयोग (ईसी) ने रविवार को नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी का नाम लिए बिना चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने कहा- पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं है। वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगे। 7 दिन में हलफनामा नहीं मिला तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा। एक पार्टी के साथ साठगांठ के आरोपों पर सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा- हमारे लिए न कोई पक्ष और न विपक्ष है। सभी राजनीतिक दल बराबर हैं। अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न हो और फिर वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो ये लोकतंत्र का अपमान है। सीईसी ने कहा- कुछ मतदाताओं ने वोट चोरी के आरोप लगाए, सबूत मांगने पर जवाब नहीं मिला। ऐसे आरोपों से इलेक्शन कमीशन नहीं डरता है। चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। हम स्पष्ट करते हैं कि चुनाव आयोग निडरता के साथ गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान के साथ खड़ा है, खड़ा था और खड़ा रहेगा। दरअसल, राहुल ने 7 अगस्त को ईसी पर वोट चोरी के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था, वोट चोरी हो रहे हैं। हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग चोरी में शामिल है।

### 7 अगस्त : राहुल का आरोप- ईसी ने बीजेपी के साथ चुनाव चुराया

राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि ईसी ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र चुनाव चोरी किया है।

हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया। मुझे लगता है इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभा और विधानसभा सीटों पर हुआ। कांग्रेस नेता बोले- ईसी का पक्षपात बेनकाब हुआ-कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग सिर्फ नाकाम ही नहीं, बल्कि पक्षपात में भी पूरी तरह बेनकाब हो गया है। उन्होंने पूछा कि क्या आयोग बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के 14 अगस्त के आदेश को सही मायने में लागू करेगा? जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी ने जो बातें कहीं, वे आयोग के अपने आंकड़ों पर आधारित हैं। सीईसी ने राहुल गांधी के सवालों का कोई सार्थक जवाब नहीं दिया। चुनाव आयोग का यह दावा कि वह सत्ता पक्ष और विपक्ष में कोई भेदभाव नहीं करता, मजाक जैसा है।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जोधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 79 वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 79 वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर एडवोकेट ऋद्धि चंद जी जैन मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता आशीष मेमोरियल सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश जैन के द्वारा की गई । विशिष्ट अतिथि पदमचंद जी जैन,गोपाल लाल जैन अर्जुन गेरा धर्मचंद जी जैन अशोक शर्मा, सुरेश जैन, विकास शर्मा, विक्रम जैन, जितेश गर्ग आदि उपस्थित रहे। प्रात: 8.00 बजे ध्वजारोहण एवं मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई । जिनमें स्वागत गीत ,राजस्थानी डांस ,देशभक्ति डांस, ड्रामा, स्पीच,मेरे अच्छे चंदा मामा,कृष्ण रासलीला,रोड सेफ्टी एवं कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में कई भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान लोकल एवं बोर्ड परीक्षा सत्र 2024-25 में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे सभी छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य वर्धमान जैन ने पधारे हुए सभी आगंतुकों एवं अभिभावकों को अपने उद्बोधन से विद्यालय में चल रही गतिविधियों एवं आगामी समय में होने वाली सभी गतिविधियों के बारे में अवगत कराया एवं स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएं दी एवं उन सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन दिया जिन्होंने इस कार्यक्रम में अलग-अलग प्रस्तुतियों में भाग लिया। कार्यक्रम के अवसर पर आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे जिनमें बृजेश नागर, महेश चंद् महावर, बालमुकुंद महावर ,गिरीश चौहान, रेशु जैन, पूनम जैन, ललिता हेमाद्रि नेहा सुची मेमअर्चना जैन, पूजा गुप्ता, पिंकी कुमारी,ललित सोनी,मोहित चौहान,शुभम कुमार,दिलीप अमृता कपूर,जितेंद्र जी,नीरज गोयल,नीरज सोनी, वेदप्रकाश रेशु अक्षय हर्षित राजवीर,राजू, यादराम, आशीष कपूर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिठाई वितरित की गई।




## नर्सिंग कर्मियों ने न्यू नर्सिंग भर्ती विज्ञप्ति जारी करवाने के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। नर्सिंग कर्मियों ने न्यू नर्सिंग भर्ती विज्ञप्ति जारी करवाने के लिए हिंडौन विधायक अनीता जाटव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि RSLDC का गठन,फार्मासिस्ट भर्ती व नर्सिंग ऑफिसर एवं महिला स्वास्थ्य कर्ता के बोनस अंक में मेरिट वेश से न्यू नर्सिंग भर्ती विज्ञप्ति जारी करें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष(रविकुमार) रविंद्र सिंह, उपाध्यक्ष भूर सिंह मीणा, महासचिव मोहित शर्मा, सचिव लेखराज जगरिया, प्रवक्ता धर्मवीर सिंह गुर्जर, कोषाध्यक्ष सोनू गॉड, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूरजभान सिंह राजावत, महामंत्री राधेश्याम मौर्य एवं समस्त करौली जिले के ब्लॉक अध्यक्ष एवं महिला अध्यक्ष समस्त नर्सिंग स्टाफ एएनएम फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

## सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल का वातावरण स्वतंत्रता दिवस के रंगों से हुआ सराबोर



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** विकसित भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर को विद्यालय में बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। चारों ओर तिरंगे के रंगों से सजा आकर्षक दृश्य सभी के मन को मोह रहा था और पूरे परिसर में आजादी का उल्लास गूंज रहा था।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमेन डॉ महेन्द्र सोजतिया , सीईओ रीना सोजतिया, सेक्रेटरी डॉ ध्रुव सोजतिया, ट्रस्टी नेहल सोजतिया के स्वागत से हुआ, जिसके पश्चात चेयरमेन डॉ महेन्द्र सोजतिया ने ध्वजारोहण किया व सभी ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी । बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता, गीत, नृत्य नाटिका व आर्केस्ट्रा के वादन से कार्यक्रम में राष्ट्रभाव के रंग भरें, जिसमें बच्चों ने वंदे मातरम्,शाबाशियां और लहरादो तिरंगा प्यारा, झाँसी की रानी पर नृत्य नाटिका, योद्धा बन गई मैं, आरंभ है प्रचंड , मेरा कर्मो तू मेरा धर्मो जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं जिनसे वातावरण देशभक्ति के भावों से भर उठा। कार्यक्रम में विशेष रूप से सैनिकों के जीवन के बलिदान की घटनाओ को रेखांकित करती नृत्य नाटिका को सभी ने अपने स्मृतिपटल में अंकित किया । चेयरमेन डॉ. महेंद्र सोजतिया ने सभी को स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह स्वतंत्रता हमें अपने वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से मिली है व भारत के वीर सैनिको व नागरिकों ने इसे सहेज कर रखा है। हमें अपने कर्तव्यों व कर्मों का निर्वहन करते हुए भारतवर्ष को विश्व पटल पर पुन: स्थापित करना है तथा अपने देश की आन, बान और शान को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहना है। कार्यक्रम में निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी तथा ऐसे कई वाकिये साझा किया जिसमें भारतवर्ष की धरती के आविष्कारों से पूरे विश्व के जनमानस का जीवन सहज हुआ है तथा ये कर्म वसुधैव कुटुंबकम की भावना की प्रबलता को परिचय कराते हैं। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के गायन से हुआ।

## जन्माष्टमी पर्व मनाया, बच्चों ने फोड़ी मटकी

### रंग बिरंगी पोशाकों में सजे बच्चों ने किया मनमोहक नृत्य



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा कार्यालय स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा में शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंग बिरंगी पोशाकों में सजे नन्हे बच्चों ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन किया। कार्यक्रम का आरंभ बाल गोपाल को मिश्री व लड्डुओं का भोग लगाकर किया। प्राचार्या संजू जोशी ने भगवान कृष्ण के जीवन के बारे में बताते हुए बच्चों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी तथा कहा कि श्रीकृष्ण एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। इन्ही कारण उन्हें भगवान माना गया है। प्राचार्या ने बच्चों से भगवान कृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे पास भगवान का दिया बहुत कुछ होता है लेकिन दुनिया में कई लोग ऐसे हैं जिनके पास कुछ भी नहीं होता है। इसलिए हमें दयालुता, ऊंची सोच और दूसरों की मदद करने वाला बनना है। उप प्राचार्य सुभाष चंद्र ने बताया कि विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें लोक नृत्य कलाओं की प्रस्तुति, भजन और नाटकीय कार्यक्रम पेश किये। शिक्षक सुबेसिंह गोठवाल ने बताया कि इस दौरान बच्चों ने सुंदर झांकियां सजाईं। जिसमे बाल गोपाल, दही-हांडी की सजी झांकी ने सबका मन मोह लिया। वहीं बाल कृष्ण के गीतों पर बच्चों ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान स्कूली बच्चे व शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को भगवान कृष्ण के जीवन और आदर्शों के बारे में जानने का अवसर मिला।

## शेरपुर डाबकी शिव मंदिर पर कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** शेरपुर/उपतहसील शेरपुर स्थित डाबकी शिव मंदिर पर कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया द्य इसमें राजस्थान पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश जम्मू कश्मीर आदि राज्यों से पहलवानों ने भाग लियाद्य कुश्ती दंगल देखने के लिए शेरपुर , हाड़ौली, रारा, खींप का पुरा, चिनायटा, सहित सेंकडो गावो के लोग उपस्थित रहे । शेरपुर सरपंच लाखन सिंह जाटव ने बताया कि हर वर्ष की भांति डाबकी मंदिर शेरपुर पर कई बर्षो से रामनवमी पर कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता है द्य इसमें विभिन्न प्रकार की दुकानें संचालित हुई । बच्चों के लिए झूले सजावट की दुकान आदि लगाई गई । भाजपा नेता रामप्रकाश डागुर ने बताया की कुश्ती दंगल की शुरूआत भगवान शिव जी, हनुमान जी की प्रतिमा पर माला पहनाकर एवं प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी । इसमें लंबी का आयोजन किया गया द्य जिसमें प्रथम स्थान गोलू दूसरे स्थान पर रामकेश छीपी , तृतीय स्थान पर बंटू मास्टर रहे द्य इसके बाद कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ द्य जिसमें 51 से लेकर ? 21000 की कुश्ती हुई आखिरी कुश्ती जोगेंद्र पहलवान शेरपुर एवं चित्रा पहलवान अकोला का मुकाबला के मध्य बराबरी रहा ।

# संकुल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में महूं विजेता व सूरौठ की टीम बनी उपविजेता

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सूरौठ- गंगापुर भरतपुर मेगा हाइवे स्थित राधेश्याम आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय खेलकूद समारोह का उद्घाटन समारोह सुबह करीब 10 बजे सम्पन्न हुआ, जिसमें स्थानीय विद्यालय के कोषाध्यक्ष नारायण सिंघल व समिति के पदाधिकारी नवल सोनी, हिंडौन संकुल के संकुल प्रमुख मुरारी लाल पुरवंशी, जिला खेल कूद प्रमुख नरेश शर्मा, महू विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश सिंह , सूरौठ विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशराज सिंह देशवाल, शारीरिक शिक्षक गोपाल सिंह रौत्रवाल एवं सेवानिवृत शारीरिक शिक्षक फनेन्द्र उपस्थित रहे संकुल स्तरीय समारोह में 52 भैया, 30 बहिन 5 आचार्य, 2 आचार्या सहभागी रहे कार्यक्रम के प्रारम्भ में हिंडौन विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरारी लाल पुरवंशी ने मंच संचालन किया सरस्वती माँ के समक्ष स्थानीय विद्यालय के पदाधिकारीयों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत् शुरुआत की गई जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गई जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता में महू कि टीम ने सूरौठ कि टीम कों किया पराजित जिसमें महूं विजेता व ?सूरौठ कि टीम रही उपविजेता, समापन सत्र में मंचदथ अधिकारियों द्वारा विजेता भैयाओं को पुरुस्कृत किया गया, समापन सत्र में समिति पदाधिकारी नत्थू सिंह राजावत का पाथेय सभी लोगों को मिला इस मौके पर समस्त स्टाफ कर्मि सहित भैया बहिन उपस्थित रहे।



## गोगा नवमी को भरा मेला, श्रद्धालुओं ने धोक लगाकर सुख समृद्धि की कामना



बढ़ता राजस्थान

**ज**कोटपूतली-बहरोड़ जिले क्षेत्र में गोगा नवमीं का पर्व हर्षौउल्लास व धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में प्रागपुरा कस्बे में लुहारों का मौहल्ला स्थित प्राचीन गोगाजी मंदिर में लोक देवता जाहर पीर गोगाजी का विशाल मेला आयोजित हुआ। मेले में आसपास से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गोगा बाबा के प्रसाद व झंडी चढ़ाकर पकवानों का भोग लगाया व आशिर्वाद लिया तथा घरो में पकवान बनाकर गोगाजी मंदिर में पुजा-अर्चना की व कलाई के बंधी राखिया चढ़ाई एवं मंदिर में धोक लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने भी गोगाजी महाराज के चरणों में हाजरी लगाते हुए खीर पूरी का भोग अर्पित किया और क्षेत्रवासियों की मंगल कामना की दुआ की। गोगाजी मंदिर में सवेरे से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ था, जो देर शाम तक जारी रहा। मेले के दौरान जाहर पीर गोगाजी के भक्त ढोल नगाड़ों व मंजीरो की धुन पर सत्संग का आयोजन कर जय जयकार लगा रहे थे। यहां मेला देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग बरसात में भी अपने परिवार और छोटे बच्चों के साथ पहुंचे, मेला परिसर में कानून व्यवस्था के लिए पुलिस के जवान भी मुस्तैद रहे। इस अवसर पर गोगा जी मंदिर को विशेष रूप से रोशनी द्वारा सजाया गया। इसी प्रकार ग्राम भौनावास में गोगा जी के मेले का आयोजन हुआ। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टालों पर सजे सामान की लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं मेले में आसपास के गांवों से आए हजारों श्रृद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी। इस अवसर पर गोगा जी मंदिर को विशेष रूप से रोशनी द्वारा सजाया गया। इस दौरान पूर्व पंच राजेन्द्र स्वामी, सेवानिवृत शिक्षक सुलतान वर्मा, भागीरथ भगत, रामस्वरूप भगत, अमरनाथ हाडिया, शिवराम भगत, जगदीश भगत, राकेश भगत, जितेन्द्र यादव, रोहिताश भगत, संजय गोयल, महेन्द्र शेखावत, राजू पारिक, पूरण मल, छाजूराम हाडिया, नरेश स्वामी, चेतन वर्मा, सहिद लुहार, दीनाराम धानका, तरुण शर्मा, रतन जोशी, नारू स्वामी, फूलचंद सैनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# समाजहित में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा लिये जाने वाले संकल्प से होगा भारत का काया कल्प : जिनेन्द्र शास्त्री

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** सरल परिवार द्वारा सरल ब्लड सेंटर परिसर में समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सहायक ड्रग कंट्रोलर सुरेश सामर और विशिष्ठ अतिथि समाज सेवी धर्मनिष्ठ जिनेंद्र शास्त्री थे। समारोह में ट्रस्ट परिवार सहित संस्था से जुड़े कई संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, विशिष्ठजन सहित शताधिक उपस्थिति रही।

इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए सह-सचिव संयम सिंघवी ने कहा कि विगत 17 वर्षों से सरल परिवारइस समारोह को उत्सव के रूप में मानते आ रहे है और स्वंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माण से जुड़े महान शख्सियतों को याद करते है। उपस्थित बंधुओं को मास्टर दिव्यम द्वारा प्लेज विधि करवाई गई। विशिष्ठ अतिथि जिनेंद्र शास्त्री ने कहा कि यदि हर व्यक्ति समाज हित में एक संकल्प ले तो एक सो चालीस करोड़ संकल्पों से भारत का काया कल्प हो सकता है।




मुख्य अतिथि सुरेश सामर ने अपने उद्बोधन में सरल ब्लड सेंटर के कार्यों की प्रशंसा करते हुए रक्तदान के महत्व को बताया और कहा कि एक रक्तदान से तीन जीवन बचते है और रक्तदान ऐसा दान जिसमे बिना किसी प्रकार के आर्थिक भार हम लोगो की सहायता करके पुण्य अर्जित कर सकते है।

इस अवसर पर डॉ संजय शर्मा द्वारा सरल शब्द को चरितार्थ करते हुए अपनी स्वरचित काव्य रचना प्रस्तुत की एव संस्था के कार्यकर्ता

# सुराधना सांस्कृतिक क्लब का शुभारंभ, गीत-संगीत की दी प्रस्तुतियां



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सुराधना सांस्कृतिक क्लब का शुभारंभ रविवार को मधुर उत्सव के साथ प्राइड होटल में किया गया।

अध्यक्ष झुमुर चक्रवर्ती ने बताया कि सुराधना सांस्कृतिक क्लब एक ऐसा मंच है, जो संगीत और प्रदर्शन कला के प्रेमियों के लिए समर्पित है। इस शुभारंभ समारोह में रचनात्मकता, परंपरा और कला के प्रति प्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला। आत्मीय और पारिवारिक वातावरण प्रदान करनें, गायक, नर्तक, कवि, वादक और कला प्रेमी एक साथ मिलकर अपनी प्रतिभा को निखारें और गहरी मित्रता बनाएं रखनें के उद्देश्य से सुराधना सांस्कृतिक क्लब की स्थापना की गई। क्लब की शुरुआत 25 जोशीले सदस्यों और एक रंगीन सामुदायिक भावना के साथ हुई।

समारोह का सौंदर्यपूर्ण संचालन और रचनात्मक संयोजन किया मेखला भौमिक ने किया। इस विशेष अवसर पर प्रसिद्ध संगीतकार एवं संगीत निर्देशक कपिल पालीवाल, श्रीमती अंजली भट्टाचार्य,सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सुराधना सांस्कृतिक क्लब के कार्यकारिणी सदस्यों में अध्यक्ष झुमुर चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष संगीता शर्मा, सचिव सीमा विश्वास, संयुक्त सचिव संगीता दासगुप्ता, कोषाध्यक्ष अम्लान दासगुप्ता, सदस्यता एवं प्रशासन समन्वयक राहुल सागर, मासिक गतिविधि एवं संचार समन्वयक मेखला भौमिक, ब्रांडिंग एवं प्रचार समन्वयक अमृता सिन्हा रॉय को शामिल किया गया है। प्रथम दिन सदस्यों ने देशभक्ति और जन्माष्टमी थीम पर आधारित गायन प्रस्तुति दी। नन्हें कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी। बच्चों ने ऊर्जावान नृत्यों के माध्यम से मंच पर उत्साह और उल्लास भर दिया। प्रतिभागियों में अर्शिया चक्रवर्ती, लिनेशा सिंह, सांभवी सिंह, शिवाय सागर, शिवांगी सागर, तितिर सामंत, तिनिका सामंत शामिल थे। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर श्रीमती अंजलि भट्टाचार्य ने उनका उत्साहवर्धन किया और उनके कलात्मक सफर को प्रोत्साहन प्रदान किया। फैशन और मस्ती के रंग भरते हुए, सर्वश्रेष्ठ परिधान पुरस्कार से राहुल सागर और अंजलि सिंह को नवाज़ा गया। जिसे कपिल पालीवाल ने प्रदान किया।

## खाटूश्यामजी जा रही पदयात्रा में 2121 फीट लंबा ध्वज

### नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में पदयात्रियों का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 से होकर गुजरने वाली एक विशेष पदयात्रा ने शनिवार की देर शाम पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में प्रवेश किया। इस मौके पर नारायणपुर मोड़ स्थित प्रागपुरा पुलिया नीचे एलबीएस महाविद्यालय की पूर्व महासचिव दीपिका स्वामी के नेतृत्व में कस्बे वासियों ने पुष्प वर्षा करते हुए जय श्रीश्याम की जय जयकार कर भव्य स्वागत किया। इस पदयात्रा में 538 श्रद्धालु शामिल हैं, जो भिवाड़ी से खाटूश्यामजी तक पैदल यात्रा कर रहे हैं। इस यात्रा की सबसे प्रमुख विशेषता 2121 फीट लंबा ध्वज है, जिसे गुजरात के सूरत से मंगवाया गया है। राजेश शर्मा और मोनू भिवाड़ी के नेतृत्व में 14 अगस्त को शुरू हुई यह पदयात्रा 19 अगस्त को खाटूश्यामजी पहुंचेगी। मोनू भिवाड़ी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निकाली गई इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य श्री श्याम प्रभु के आशीर्वाद से देश में शांति और सनातन धर्म में जागृति लाना है। इस यात्रा में विभिन्न मंडलों से सैकड़ों महिलाएं भी शामिल हैं। यात्रा प्रागपुरा-पावटा, शाहपुरा से त्रिवेणी होकर अजीतगढ़ होते हुए खाटू श्याम पहुंचेगी। हर पड़ाव पर श्रद्धालुओं के लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। साथ ही, सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क है। सूरतगढ़ चूरू के प्रसिद्ध भजन गायक सुनील शर्मा और विजय राजपूत यात्रा में बाबा श्याम के भजन गाकर श्रद्धालुओं का मनोरंजन कर रहे है। भिवाड़ी, तावडू, धारूहेड़ा, दिल्ली, गाजियाबाद, कोलकाता, सूरतगढ़ और पटौदी सहित विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए हैं। यात्रा में शरीक श्रद्धालु राजेंद्र कुमार ने बताया कि श्रीश्याम प्रभु का श्रृंगार दिल्ली से मंगवाया गया है। खाटूश्यामजी एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां देशभर से लाखों भक्त बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचते हैं। इस मंदिर की महिमा और आध्यात्मिक महत्व के कारण, यहां श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# देश के लिए शहीद होना गर्व की बात हैं : उप मुख्यमंत्री डॉ.बैरवा

## उप मुख्यमंत्री ने शाहपुरा के शहीद सुभाष चंद बेरवाल की मूर्ति का किया अनावरण

## शहीद की मूर्ति आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देती रहेगी- बाजौर




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा ने रविवार को सीकर जिले के लोसल क्षेत्र के शाहपुरा गांव में शहीद आइटीबीपी जवान सुभाष चंद्र बेरवाल की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने शहीद सुभाष चंद बेरवाल के अद्वितीय योगदान और उनके बलिदान को याद किया, जो न केवल शाहपुरा बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं।

मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्य सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा ने शहीद सुभाष चंद्र बेरवाल की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शहीद वीरांगना सरला देवी, पिता कालूराम बेरवाल व शहीद के परिजनों से मुलाकात की। कार्यक्रम में सेना में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए जवान की वीरांगना सरला देवी और उनके परिजनों को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया।

उपमुख्यमंत्री डॉक्टर बैरवा ने कहा कि रक्षा करते हुए जवान सुभाष चंद्र शहीद हुए हैं, इनकी शहादत को हम नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के लिए शहीद होना शहीद के परिवार और गांव के साथ ही पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्थानीय लोगों की भलाई के लिए निरंतर काम कर रही है और इस प्रकार के सम्मानित कार्यक्रम समाज में एकजुटता और प्रेरणा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने गांववासियों कि शाहपुरा में राजकीय महाविद्यालय खुलवाने एवं रोड़वेज की बसें चलाने सहित अन्य सभी मांगों को पूरा करने का राज्य सरकार द्वारा प्रयास किया जायेगा।

कार्यक्रम में राज्य सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने कहा कि देश की सरहद पर देश की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले जवान को एक देवता की भांति पूजा जाना चाहिए ताकि आने वाली युवा पीढ़ी के दिल में भी देश प्रेम की भावना जागृत हो। उन्होंने कहा कि आज का युग शिक्षा का युग है, अपने बच्चों को पढाने लिखाने का काम करें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जयपुर में शहीद विरांगनाओं के लिए छात्रावास सुविधा देने के साथ ही शहीद के बच्चों को छात्रवृति भी दी जा रही है। कार्यक्रम में धोद विधायक गोर्वधन वर्मा, पूर्व सांसद सीकर सुमेधानंद सरस्वती ने भी अपना उद्बोधन दिया।

शहीद की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित हुए मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा शहीद के सम्मान में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़—चढ़कर हिस्सा लेते हुए 341 यूनिट रक्तदान किया।

## सोमवार से होगा 'सक्षम जयपुर अभियान' के तहत विशेष शिविरों का आयोजन

- 18 अगस्त से 23 सितंबर तक अभियान के तहत होगा विशेष शिविरों का आयोजन
- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जारी किये आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा अनुसार जयपुर में जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'सक्षम जयपुर अभियान' विशेष योग्यजनों एवं वृद्धजनों के संबल का आधार बनता जा रहा है। जयपुर जिले में सोमवार 18 अगस्त 2025 से सक्षम जयपुर अभियान के तहत 18 अगस्त से विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार की बजट घोषणा एवं भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना तथा एडीआईपी योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले इन शिविरों में जिले में विशेष योग्यजन एवं बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को शिविरों में प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक राहत पहुंचाने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर ने सभी पात्र व्यक्तियों से अपील की है कि वे निर्धारित शिविरों में उपस्थित होकर उपकरणों का लाभ उठाएं और इस अभियान को सफल बनाएं।

### शिविर में विशेष योग्यजनों एवं वृद्धजनों को मिलेंगे यह लाभ

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक श्री बी.पी. चंदेल ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा 'सक्षम जयपुर अभियान' के प्रथम चरण में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हीकरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें पात्र लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता अनुसार ट्राई-साइकिल, व्हीलचेयर, कैलिपर, वॉकिंग स्टिक, कमर व घुटने की बेल्ट, सर्वाइकल कॉलर, बैशाखी, वॉकर, ट्राइपॉड, श्रवण यंत्र, कृत्रिम डेन्चर एवं चश्में उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### जिला कलक्टर करेंगे शिविरों की प्रगति की मॉनिटरिंग

शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं शिविरों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट (चतुर्थ) श्री देवेन्द्र कुमार जैन को शिविरों के आयोजन के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं, शहरी क्षेत्र में संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग श्री बी.पी. चंदेल एवं ग्रामीण क्षेत्र में उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग श्री जितेन्द्र कुमार सेठी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जगतपुरा आश्रम में धूमधाम से मनाया गया कान्हा जन्मोत्सव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी सेवाकुंज आश्रम, महल रोड, जगतपुरा में संत बाबा श्री कल्याण दास जी महाराज की प्रेरणा से जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृंदावन के सुप्रसिद्ध सर्वेश्वर राज मंडल के स्वामी श्री भुवनेश्वरी जी वशिष्ठ ने भजनों की रसधारा प्रवाहित कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रात्रि 12 बजे कान्हा के जन्म के पश्चात भोग अर्पित किया गया। इसके बाद पत्तल प्रसादी, पंजीरी और मचरनामत का वितरण रात्रि 1 बजे तक किया गया। रविवार प्रातः से भी पंजीरी प्रसाद का वितरण निरंतर किया जा रहा है।

## जयपुर में गोविंददेव जी मंदिर से निकली शोभायात्रा- मुख्यमंत्री

### भजनलाल शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा का किया शुभारंभ





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन रविवार को श्री गोविंददेव जी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ किया।

शर्मा ने शोभायात्रा के रथ में विराजमान जयपुर के आराध्य देव श्री गोविंददेव जी के चित्रस्वरूप की पूजा अर्चना एवं आरती कर प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री के मंदिर में पहुंचने पर महंत ने उनका स्वागत किया। श्री शर्मा ने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने भगवान गोविंददेव जी के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, विधायक श्री बालमुकुंदाचार्य, जयपुर नगर निगम हैरिटेज महापौर श्रीमती कुसुम यादव सहित गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्री गोविंददेव जी मंदिर में प्रतिवर्ष जन्माष्टमी के दूसरे दिन धूम-धाम से नंदोत्सव मनाया जाता है और शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली जाती है। इस शोभायात्रा में विभिन्न मनमोहक झांकियां शामिल की जाती है।

## समाधान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित

## मौके पर ही किया गया पर प्रकरणों का त्वरित निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण रविवार, 17 अगस्त 2025 को जेडीए परिसर स्थित नागरिक सेवा केंद्र में एक विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य प्राधिकरण की ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित ऐसे मामलों का त्वरित और उचित निपटारा करना था जिनकी समय सीमा पूरी हो चुकी थी। शिविर का निरीक्षण करते हुए जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से उन मामलों के लिए आयोजित किया गया था जो लंबे समय से लंबित थे। उन्होंने कहा, हमने ऐसे प्रकरणो को प्राथमिकता से चुना है, जिनका अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच कई बार बिना किसी अंतिम निष्कर्ष के कारण घूमने से निस्तारण नहीं हो पाया है।

जेडीसी ने बताया कि लंबे समय से लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु उपायुक्तो को प्रदत्त निर्देशानुसार चिह्नित 410 प्रकरणों के आवेदको को शिविर में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया गया। जेडीसी ने कहा कि इसका एक मुख्य कारण नियमों की अस्पष्टता या कई स्तरों से अनुमोदन प्राप्त करने में लगने वाला समय हो सकता है। ऐसे में, आम जनता को बेवजह परेशानी न हो, इसी उद्देश्य के साथ यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जेडीए के सभी महत्वपूर्ण विभागों - जोन, विभिन्न सेल, वित्त, विधि और आयोजना - के कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे, ताकि मौके पर ही निर्णय लेकर मामलों को अंतिम रूप दिया जा सके।

जेडीसी ने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के शिविरों से जेडीए के कामकाज में दक्षता बढ़ेगी। एक ही फाइल का बार-बार विभिन्न डेस्क पर आना कर्मचारियों का समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद करता है। उन्होंने बताया कि इस शिविर की घोषणा के बाद से ही, पिछले एक हफ्ते में कई मामलों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा, जब तक कि लंबित मामलों की संख्या में कमी नहीं आती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन शिविरों से प्राप्त अनुभव के आधार पर, जेडीए उन कारणों को समझ पाएगा जिनकी वजह से देरी होती है और आने वाले समय में ऐसी समस्याओं को पहले ही निस्तारित कर लिया जाएगा।

अंततः एक समय ऐसा आएगा जब इस प्रकार के शिविरों की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी, क्योंकि जीडीए द्वारा इस तरह की पारदर्शी प्रणाली और एसओपी लागू गई है, जिससे आमजन से जुड़े कार्यों में स्वतः ही पारदर्शिता और गति आ जाएगी।

शिविर में 410 आवेदकों को आमंत्रित किया गया था। जिनमें से 134 उपस्थित हुए एवं 251 अनुपस्थित रहे। उक्त में से 188 प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं 37 प्रकरणों को नियमानुसार कार्यवाही नहीं किए जाने की स्थिति में रद्द/ डिस्पोज किया गया। 105 प्रकरणों में आवेदक के स्तर पर कार्यवाही अपेक्षित हैं, उनके द्वारा प्रत्युत्तर प्राप्त होने पर प्रकरणों का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जाएगा एवं 34 प्रकरणों में जोन स्तर पर कार्यवाही की जानी प्रस्तावित है, जिनका भी शीघ्र निस्तारण कर दिया जाएगा।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए सहायक लेखाधिकारी-प्रथम राजेश चन्द्र भीमवाल का हुआ सम्मान

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 50 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। 15 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी-प्रथम श्री राजेश चन्द्र भीमवाल को उनके उत्कृष्ट कार्यों और समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

इसके साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित स्वाधीनता दिवस समारोह में श्री राजेश चन्द्र भीमवाल सहित कोषागार, राजस्व शाखा, लेखा शाखा, रसद विभाग सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत 50 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया यह सम्मान न केवल उनके मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर दक्षता, कौशल और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी प्रशासन का महत्वपूर्ण स्तंभ है और समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य से ही सुशासन की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। जिला कलक्टर ने इस अवसर पर सभी सम्मानित कार्मिकों से अपेक्षा जताई कि वे भविष्य में भी इसी उत्साह और निष्ठा से कार्य करते हुए जिले के विकास में अपना योगदान देंगे।

## राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने किया श्रद्धेय जयदेव पाठक जन्म शताब्दी समारोह संगोष्ठी का आयोजन

## जयदेव पाठक राष्ट्रीय विचारों के शिल्पकार- देवनानी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय के मानविकी सभागार में आयोजित श्रद्धेय श्री जयदेव पाठक जन्म शताब्दी समारोह में कहा कि श्रद्धेय जयदेव पाठक के साथ उनका बहुत लंबा सफर रहा, वे उनके आदर्श है। शिक्षक संघ में कार्य करते हुए उनका सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने हमेशा स्वयं पर कम से कम खर्चा करते हुए, बहुत मित्तव्ययता से रहते हुए समाज को अधिक से अधिक देने का प्रयास किया।

देवनानी ने कहा कि उन्हीं के दिए संस्कारों के कारण जीवन यात्रा में वे ऊंचाइयों तक पहुंच सके हैं। श्री पाठक का जीवन राष्ट्र उत्थान को समर्पित रहा। वे समाज के आदर्श हैं। उनका संपूर्ण जीवन शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहा। वे जीवन में स्वयं के प्रति बहुत कठोर थे लेकिन लोगों के लिए वे स्नेह और प्रेम की प्रतिमूर्ति थे।

### देवनानी ने कहा - चरित्र, समाज और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है शिक्षा

उन्होंने कहा की शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम ही नहीं है बल्कि यह बालक के चरित्र निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। देवनानी ने शिक्षक संघ राष्ट्रीय का उल्लेख करते हुए कहा कि इस विशाल संगठन से जुड़े कार्यकर्ता सदैव राष्ट्र प्रथम की भावना को मन में रखते हुए बालक को शिक्षा के साथ नैतिकता, ईमानदारी और चरित्र का पाठ भी पढ़ाते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से पाठक जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आव्हान करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती और श्रद्धेय जयदेव पाठक के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से हुआ। प्रदेश महामंत्री श्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि संगठन द्वारा सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री बसंत जिंदल ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। उन्होंने संगठन की रीति- नीति, कार्यशैली पर प्रकाश डाला। उन्होंने संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों कर्तव्य बोध संगोष्ठी, नववर्ष कार्यक्रम, सामाजिक समरसता कार्यक्रम, गुरु वंदन कार्यक्रम, विमर्श कार्यशाला, संभाग विकास वर्ग एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर राजस्थान के 50 जिलों एवं 400 उपशाखाओ के सभी विद्यालयों में 1 सितंबर 2025 को मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित कर सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण से संबंधित पांच संकल्प दिलाएगा। संपूर्ण देश में यह कार्यक्रम 5 लाख से अधिक विद्यालयों में होगा। यह कार्यक्रम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज होने जा रहा है।

## श्री श्याम खाटू वाले की पैदल निशान 2521 फिट यात्रा का कोटपूतली में भव्य स्वागत






बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जय बंसी वाले भक्त सेवा शक्ति परिवार रजि.द्वारा आयोजित श्री श्याम खाटू वाले की पैदल निशान यात्रा का कोटपूतली में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह यात्रा भिवाड़ी से शुरू होकर एनएच 48 से होते हुए कोटपूतली पहुंची। इस निशान यात्रा की लंबाई 2521 फीट थी।यात्रा के स्वागत के लिए सब्जी मंडी के पास एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कई प्रमुख व्यक्ति और भक्तगण मौजूद थे। इस मौके पर जय बंसी वाले भक्त सेवा शक्ति परिवार के संरक्षक अमर सिंह सैनी (पूर्व वाइस चेयरमैन),श्री जय बंशीवाले भक्ति सेवा शक्ति परिवार के अध्यक्ष बंशीलाल सैनी,सेवादार दिलीपबाबाजी,पूर्व सब्जी मंडी अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी,डॉक्टर प्रवीण सिरोहा डॉ

मीनाक्षी चौधरी एक्यूप्रेशर, दीपकमित्तल, एडवोकेट शिवकुमारगुप्ता, महेंद्रठेकेदार, हेमंतमित्तल, लोकेश शर्मा,अतुल शर्मा, महेंद्र बसल और अन्य कई सदस्य शामिल थे।सब्जी मंडी के व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर यात्रियों का अभिनंदन किया और उनकी यात्रा को सफल बनाने में योगदान दिया।क्या आप इस यात्रा या ऐसे किसी अन्य धार्मिक आयोजन के बारे में और जानकारी चाहते हैं।

## रघु इंटरनेशनल अकैडमी में स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का रंगारंग आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** रघु इंटरनेशनल अकैडमी, जेडीए कॉलोनी बिंदायका में स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक और देशभक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुतियाँ देकर माहौल को पूरी तरह देशभक्ति और भक्ति से भर दिया।

प्रधानाचार्य श्रीमती नीतू मिश्रा ने प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम के महत्व और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा स्वयं प्रधानाचार्य श्रीमती नीतू मिश्रा द्वारा तैयार की गई तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम की सफलता में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों और देशप्रेम को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 110 यूनिट रक्त एकत्रित...



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के वार्ड नंबर 26 स्थित भोमिया बाबा मंदिर में रविवार को युवा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नागाजी मंदिर के महंत सीताराम दास जी महाराज और सभापति प्रतिनिधि मदन सैनी ने किया।इस मौके पर जयपुर से आई शांति ब्लड सेंटर की टीम ने कुल 110 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस दौरान दीपक सैनी, शंकरलाल सैनी, पार्षद प्रमोद गुरुजी व सोनू आर्य, दयाराम कुमावत, मोहित, नीरज, सीताराम, मनोज, मोनू, सचिन, सत्या सैनी, रोहित, राहुल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# प्रधानमंत्री के संकल्प , 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य

स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री की ओर से लाल किले की प्राचीर से दिए गए लंबे संबोधन की चर्चा और व्याख्या होना स्वाभाविक ही है। ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री ने अपने इस संबोधन में कुछ ऐसी बातें और घोषणाएं की हैं जो आवश्यक तो थीं, लेकिन उनकी अधिक अपेक्षा नहीं की। उनके संबोधन से यह स्पष्ट हुआ कि भारत संकटकाल में ही अपनी क्षमता को पहचानता है।

अच्छा हो कि सामान्य दिनों में भी भारत अपनी क्षमता के हिसाब से फैसले लेना और कार्य करना सीखे। कम से कम अब तो ऐसा होना बहुत आवश्यक है, क्योंकि एक ओर जहां घरेलू और बाहरी मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य तय कर रखा है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनकी सरकार की ओर से अनेक कदम भी उठाए गए हैं। कुछ ऐसे ही कदमों की घोषणा उन्होंने लाल किले से भी की। उनकी ओर से की गईं घोषणाओं की एक लंबी सूची है। इनमें अनेक बेहद महत्वपूर्ण हैं। इन महत्वपूर्ण घोषणाओं का सार यही है कि भारत आत्मनिर्भर बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है। यह तैयारी समय की मांग भी है, क्योंकि भारत के कथित मित्र राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत विरोधी रवैया अपना रखा है। एक तरह से उन्होंने भारत के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और उस पाकिस्तान की प्रशंसा के पुल बांधने में लगे हुए हैं, जिसके बारे में अपने पहले कार्यकाल में स्वयं उन्होंने कहा था कि वह धोखेबाज और आतंकियों को पनाह देने वाला है। आखिर अब क्या हो गया?

स्पष्ट है कि वे अमेरिका से अधिक अपने निजी स्वार्थों को तरजीह दे रहे हैं। इन स्थितियों में भारत के लिए यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी है कि वह अंदरूनी और बाहरी चुनौतियों का डटकर सामना करे। इसके लिए आर्थिक सुधार भी आवश्यक हैं और देश की रक्षा-सुरक्षा के सघन उपाय भी। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने जीएसटी में आमूलचूल परिवर्तन लाने की घोषणा की। ये परिवर्तन दीवाली के उपहार के रूप में देश को मिलेंगे। यह भी आवश्यक था कि प्रधानमंत्री देश की रक्षा-सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, क्योंकि पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण रवैये में कोई कमी नहीं आ रही और ट्रंप उसके खतरनाक इरादों की पूर्ति में सहायक से बनते दिख रहे हैं। यह जितना भारत के लिए चिंताजनक है, उतना ही अमेरिका जैसे राष्ट्र के लिए लज्जाजनक। ट्रंप शायद ही अपने रवैये में सुधार करें, लेकिन भारत के राजनीतिक एवं प्रशासनिक वर्ग और उद्योग जगत के साथ ही आम जनता को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हो जाना चाहिए। यह ठीक नहीं कि कई विपक्षी दलों के सुर नकारात्मकता से भरे हुए हैं। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री की ओर से लाल किले की प्राचीर से दिए गए लंबे संबोधन की चर्चा और व्याख्या होना स्वाभाविक ही है। ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री ने अपने इस संबोधन में कुछ ऐसी बातें और घोषणाएं की हैं जो आवश्यक तो थीं, लेकिन उनकी अधिक अपेक्षा नहीं की। उनके संबोधन से यह स्पष्ट हुआ कि भारत संकटकाल में ही अपनी क्षमता को पहचानता है। अच्छा हो कि सामान्य दिनों में भी भारत अपनी क्षमता के हिसाब से फैसले लेना और कार्य करना सीखे। कम से कम अब तो ऐसा होना बहुत आवश्यक है, क्योंकि एक ओर जहां घरेलू और बाहरी मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य तय कर रखा है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 18 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- लातविया में रिगा शहर की स्थापना 18 अगस्त 1201 में हुई।
- लार्ड वेलेजली के द्वारा कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना 1800 में हुई।
- फ्रांस के खगोलविद पियरे जेनसीन ने 1868 को हिलियम की खोज की।
- कैरेबियाई द्वीप मार्टिनीक्यु में 1891 को चक्रवाती तूफान से 700 की मौत।
- फ्रांस ने 1924 में जर्मनी से अपनी सेनाएँ वापस बुलानी शुरु की।
- पहली बार मौसम मानचित्र का टेलीविजन पर 1940 में प्रसारण हुआ।
- सुकर्णो ने 1945 में इंडोनेशिया के प्रथम राष्ट्रपति के तौर कामकाज शुरू की।
- महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद बोस ताईवान के ताईहोकु में 1945 को विमान दुर्घटना में बुरी तरह घायल हुए, बाद में एक सैन्य अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी।
- पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान की स्थापना 1951 में हुई।
- अमेरिका में 1963 को जेम्स मेरीडिथ मिसिसीपी विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाला पहला अश्वेत व्यक्ति।
- अमेरिका के बोस्टन में 1973 को पहले एफ एम रेडियों स्टेशन के निर्माण को मंजूरी
- सोवियत संघ द्वारा 1982 में एक महिला अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन सेल्युत-7 के लिए भेजी गई।
- तुर्की में 1999 को भूकम्प से लगभग 45000 लोगों की मौत।
- इंग्लैंड ने 2000 में वेस्टइंडीज को हराकर दो दिन में टेस्ट जीतने का इतिहास रचा।
- बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एच.एम. इरशाद को विशेष अदालत ने 2006 में भ्रष्टाचार के मामले में बरी किया।
- विवादास्पद ब्रिटिश गायिका लिली एलेन के अमेरिका में घुसने पर 2007 को प्रतिबन्ध लगा।
- उत्तर प्रदेश में मायावती सरकार ने छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की घोषणा 2008 में की।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने 2008 में महाभियोग की आशंका के बीच इस्तीफा दिया।
- टीवीएस इलेक्ट्रॉनिक्स ने 2010 को 'टीवीएस गोल्ड भारत' नामक अपने नए कुंजी पटल में टैब के ठीक ऊपर रुपए के चिन्ह को शामिल किया।
- नाटो के हवाई हमले में 2012 को अफ़गानिस्तान के कम से कम 13 आतंकवादियों की मौत।
- पश्चिम बंगाल में 2013 को एक बस में बम विस्फोट में छह लोग मारे गए।

**18 अगस्त को जन्मे व्यक्ति**

- मराठा साम्राज्य का महान् सेनानायक बाजीराव प्रथम का जन्म 1700 को हुआ था।
- पेशवा बाजीराव प्रथम के द्वितीय पुत्र और एक कुशल सेना नायक राघोबा का जन्म 1734 को हुआ था।
- महाराष्ट्र के शास्त्रीय गायक, नेत्रहिन संगीतज्ञ पंडित विष्णु दिगंबर का जन्म 1872 को हुआ था।
- भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बहन तथा महिला स्वतंत्रता सेनानी विजयलक्ष्मी पण्डित का जन्म 1900 को हुआ था।
- परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक ए. बी. तारापोरे का जन्म 1923 को हुआ था।

## विशेष आलेख

# ताकि किश्तवाड़ और धराली जैसी आपदाओं से बचा जा सके...!


सुनील कुमार महला

**मानवीय गतिविधियों या कारणों की बात करें, तो कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में अनियंत्रित निर्माण कार्य प्राकृतिक आपदाएं जन्म ले रहीं हैं। आज नदियों और ढलानों पर घर, होटल, सड़कें बनाने से जलधाराओं के प्राकृतिक मार्ग मानव ने बाधित कर दिए हैं। सच तो यह है कि मानव हद से ज्यादा स्वार्थी और लालची होता चला जा रहा है।वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है और जंगलों के घटने से पानी रोकने की क्षमता खत्म हो गई है। पर्यटन का दबाव भी है।**

दिन-ब-दिन प्रकृति मानव को अपना रौद्र रूप दिखा रही है। भूस्खलन हो, भू-धंसाव हो, बाढ़ हो(अतिवृष्टि), बादल फटना हो, अनावृष्टि हो(सूखा), भूकंप हो या सुनामी सब कहीं न कहीं, कोई माने या नहीं मानें, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मानवीय गतिविधियों से ही जुड़े हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि बादल फटने की घटनाएँ अब केवल प्राकृतिक आपदाएँ भर नहीं रहीं, बल्कि इनमें मानवीय लापरवाहियों और अवैज्ञानिक विकास कार्यों की भी बड़ी भूमिका है।सच तो यह है कि ऐसी घटनाएं मानव जनित संकट हैं। आज के समय में जलवायु परिवर्तन से अत्यधिक वर्षा की घटनाएँ बढ़ी हैं। पहाड़ी ढलानों पर अचानक अत्यधिक पानी गिरने से वहां की मिट्टी ढीली हो जाती है और लैंडस्लाइड, फ्लैश फ्लड का खतरा बढ़ जाता है।

हर साल लाखों की संख्या में आने वाले तीर्थयात्री और पर्यटक स्थानीय पारिस्थितिकी पर बोझ( वायु प्रदूषण, मिट्टी प्रदूषण, जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण) डालते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि आज संवेदनशील क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की ईमानदारी और पूर्ण इच्छाशक्ति के पूर्व तैयारियां नहीं की जातीं। अक्सर यह देखा गया है कि विभिन्न तीर्थयात्राओं व मेलों के दौरान भीड़ नियंत्रित करने और सुरक्षित मार्ग बनाने की अनदेखी होती है। आज सड़कें, घर और होटल और विभिन्न निर्माण कार्य बिना भू-वैज्ञानिक अध्ययन किए ही निर्माण कर लिए जाते हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अतिक्रमण किया जाता है। ग्रीन टूरिज्म की ओर हमारा ध्यान कम ही होता है और इसका परिणाम हमें भुगतना पड़ता है। हाल ही में हमने देखा कि उत्तरकाशी के धराली में जान-माल को बहुत क्षति पहुंची। हमने देखा कि धराली में बीते पांच अगस्त को खीरगंगा से आई बाढ़ ने मिनटों में बाज़ार, होटल और घर बहा दिए।कई लोग असमय काल के ग्रास बन गए।आंकड़े बताते हैं कि (विभिन्न सरकारी एजेंसियों के प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक) धराली क्षेत्र में 500 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। धराली में बादल फटने से हुई तबाही से लोग अभी उबरे भी नहीं थे कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चशोती-पड्डुर( नियंत्रण रेखा के पास स्थित गांव) में भी ठीक वैसा ही हादसा हो गया। बादल फटने से आई बाढ़ ने तबाही मचा दी। अचानक आए सैलाब में साठ से ज्यादा लोगों की जान चली गई, और सैकड़ों लोग लापता हो गए। जानकारी के अनुसार यह बादल चशोती में फटा, जो मचैल माता मंदिर के मार्ग पर स्थित है। यह आखिरी गांव है, जहां किसी गाड़ी से पहुंचा जा सकता है। खबरों में आया है कि हादसे के समय मचैल माता की यात्रा चल रही थी, जिसकी वजह से रूट पर हजारों श्रद्धालु मौजूद थे। घटना के बाद मंदिर की वार्षिक यात्रा को स्थगित कर दिया गया और रेस्क्यू अभियान चलाए गए। वास्तव में उत्तरकाशी और किश्तवाड़ में हुईं प्राकृतिक आपदाएं मानव के लिए एक बड़ा सबक है।चशोती गांव गांव पड्डुर घाटी में पड़ता है और यहां अठारह सौ से लेकर करीब चार हजार मीटर तक ऊंचे पहाड़ हैं। जब भी यहां बारिश होती है तो पानी पहाड़ों से होते हुए बहुत ही तीव्र गति से नीचे आता है। स्थानीय प्रशासन को इस बात की जानकारी भी है, लेकिन बावजूद इसके जिला प्रशासन द्वारा आपदा बचाव की तैयारियां नहीं की गईं ,यह वास्तव में बहुत ही दुखद है। इन दिनों पूरे भारत में जोरदार बारिश हो रही है। आपदा प्रबंधन विभाग व प्रशासन को बारिश व किसी भी आपदा के लिए पूर्व में ही माकूल इंतजाम करने चाहिए और सदैव तैयार रहना चाहिए। हालांकि, यह भी नहीं है कि आपदा प्रबंधन विभाग, स्थानीय प्रशासन और सरकारें आपदाओं को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठातीं हैं, लेकिन समय रहते यदि पूर्ण ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, सजगता और सतर्कता बरतकर निर्णय ले लिए जाएं तो बहुत हद तक जान-माल का नुक़सान कम तो किया ही जा सकता है लेकिन सभी तभी चेतते हैं,जब ऐसे हादसे घटित हो जाते हैं,यह बहुत ही दुखद है। गौरतलब है कि साढ़े नौ हजार फुट ऊंचाई पर स्थित मचैल माता मंदिर जाने के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग आते हैं। यहां यक्ष प्रश्न यह उठता है कि स्थानीय प्रशासन ने यहां लंगर और दुकानें लगाने की अनुमति आखिर क्यों दी, यह जानते हुए भी कि जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाएं हर वर्ष बढ़ रही हैं।इधर, हिमाचल प्रदेश में आफत की बारिश थम नहीं रही है। राज्य के कुल्लू जिले में दो अलग-अलग जगह से बादल फटने की खबरें आई हैं। जानकारी के अनुसार कुल्लू के बंजार और आनी निरमंड सब डिवीजन के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में ये घटनाएं हुई हैं।बादल फटने से तीर्थन घाटी और आसपास के कई निचले ग्रामीण इलाकों में पानी और मलबा भर गया। हालांकि, प्रशासन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई गांवों को खाली करा लिया, लेकिन पहाड़ी इलाकों विशेषकर उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में इस तरह की घटनाओं से अब सजग होने और इससे निपटने की जरूरत है।यह बात ठीक है कि कुदरत के कहर जैसे कि बाढ़, भूकंप, बादल फटना, भूस्खलन, जंगल की आग, सूखा आदि को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन इंसान सतर्कता, तैयारी और सही जीवनशैली से इसका असर ज़रूर कम कर सकता है। वास्तव में कुदरत अगर अपना क्रोध प्रकट कर रही है, तो इसे समझने और चेतने का समय है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि कुदरत के कहर से बचना केवल सरकार की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अगर हम पर्यावरण का सम्मान करें और सावधानी और सतर्कता अपनाएँ, तो बड़े हादसों को काफी हद तक टाला जा सकता है।

### 18 अगस्तः सुभाष चंद्र बोस पुण्यतिथि

# पुण्यतिथि पर आत्ममंथन : क्या हम बोस के सपनों का भारत गढ़ पाए हैं?


प्रो . आरके जैन

**दिल्ली चलो! यह नारा मात्र एक उद्घोष नहीं, बल्कि सुभाष चंद्र बोस द्वारा भारतीय जनमानस में प्रज्वलित एक ज्वलंत क्रांति की चिंगारी था। उनकी पुण्यतिथि हमें उस अदम्य योद्धा को स्मरण करने का अवसर देती है, जिसने स्वतंत्रता को रक्त, बलिदान और अटूट संकल्प से जोड़ा। उन्होंने एक ऐसे भारत का सपना देखा, जो न केवल औपनिवेशिक बेड़ियों से मुक्त हो, बल्कि अपनी सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक शक्ति के बल पर विश्व मंच पर सिर ऊँचा कर खड़ा हो। सुभाष चंद्र बोस का जीवन केवल इतिहास की पंक्तियों तक सीमित नहीं, बल्कि साहस, समता और आत्मनिर्भरता की वह प्रेरणा है, जो आज भी हमें दिशा दिखाती है। उनकी पुण्यतिथि पर हमें उनकी अनकही विरासत उनके वैश्विक दृष्टिकोण, सामाजिक क्रांति की सोच और रहस्यमय अंत की गूँज को पुनर्जनन और सम्मान देना चाहिए।**

सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई। 1941 में जर्मनी में उन्होंने सैन्य सहायता मांगी और भारत के संघर्ष को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया। जर्मन भाषा और यूरोपीय राजनीति की समझ के साथ उन्होंने प्रभावी संवाद किया। जर्मनी से समर्थन न मिलने पर भी उनका संकल्प अटल रहा। जापान में आज़ाद हिंद फौज को पुनर्जनन दिया और 21 अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में आज़ाद हिंद सरकार स्थापित की, जो स्वतंत्र भारत का प्रशासनिक स्वप्न थी। जापान, जर्मनी, इटली से मान्यता प्राप्त इस सरकार में हिंदू, मुस्लिम, सिख समेत सभी समुदायों को शामिल कर बोस ने एकता और समावेशिता का उदाहरण पेश किया।

सुभाष चंद्र बोस की सामाजिक दृष्टि स्वतंत्रता को सामाजिक समता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव से जोड़ती थी। आज़ाद हिंद सरकार में लक्ष्मी सहगल को रानी झाँसी रेजिमेंट का नेतृत्व सौंपकर उन्होंने लैंगिक समानता का क्रांतिकारी कदम उठाया, जहाँ महिलाएँ पुरुष सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ीं। बोस का मानना था कि भारत की प्रगति जातिगत भेदभाव, सामाजिक रूढ़ियों और लैंगिक असमानता से मुक्ति के बिना असंभव है। उनकी पुस्तक द इंडियन स्ट्रगल में वे एक आधुनिक भारत की कल्पना करते हैं, जो औद्योगिकीकरण, शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित हो। यह प्रगतिशील सोच उस युग में, जब राजनीतिक स्वतंत्रता ही प्रमुख थी, एक सशक्त भारत का दूरदर्शी खाका थी।

सुभाष चंद्र बोस का बौद्धिक पक्ष उनकी नेतृत्व क्षमता जितना ही प्रभावशाली था। कैम्ब्रिज की शिक्षा ने उन्हें पश्चिमी दर्शन और राजनीति से जोड़ा, पर वे भारतीय संस्कृति और दर्शन से गहरे जुड़े रहे। स्वामी विवेकानंद और रवींद्रनाथ टैगोर का प्रभाव उनके लेखन और भाषणों में दिखता था। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा जैसे आह्वान ने आज़ाद हिंद रेडियो के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास और क्रांति की ज्वाला जलाई। जनमानस को प्रेरित करने और विचारों के स्तर पर क्रांति रचने की उनकी क्षमता उन्हें एक अप्रतिम नेता बनाती थी।

सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि का रहस्य उनकी मृत्यु के इर्द-गिर्द अनुत्तरित प्रश्नों से जुड़ा है। आधिकारिक दस्तावेज़ दावा करते हैं कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु हुई, पर मुखर्जी आयोग ने इसे खारिज कर संकेत दिए कि बोस शायद सोवियत संघ में जीवित रहे या भारत में गुमनामी बाबा के रूप में 1985 तक रहे। यह रहस्य उनकी मृत्यु से परे स्वतंत्रता संग्राम की अधूरी गाथा को दर्शाता है, जो बोस को एक अमर किंवदंती बनाता है, जो हमें उनके सपनों को साकार करने की प्रेरणा देता है।

सुभाष चंद्र बोस की संगठनात्मक अनुशासन की भावना उनकी विरासत का एक अनमोल रत्न है। आज़ाद हिंद फौज केवल एक सैन्य संगठन नहीं थी; यह एक ऐसी प्रयोगशाला थी, जहाँ सैनिकों को युद्ध कौशल के साथ-साथ नैतिकता, अनुशासन और अटूट देशभक्ति की शिक्षा दी जाती थी।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान


**बी. डी.अग्रवाल**
(व्यवसायी व रोटेरियन)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं रोटेरियन व प्रमुख सीसीटीवी कैमरा व्यवसायी ब्लूआईज के निदेशक बी.डी.अग्रवाल। शानदार शख्सियत के रूप में अलवर के लोगों को तकनिकी सुरक्षा के रूप में एक गिफट माने जाते हैं बी.ड़ी.अग्रवाल। 1988 पढ़ाई पूरी करने के बाद बी. डी.अग्रवाल ने इलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया में पहला कदम रखा और टीवी रिपेयरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यही वह दौर था जिसने इनके करियर की बुनियाद रखी। 1996 में ब्लूआईज के नाम से 218 वंडर मॉल अलवर की नींव रखते हुए, सेठ प्रभुदियाल चैरिटेबल हॉस्पिटल में प्रथम ईपीबीएक्स सिस्टम स्थापित किया। यह केवल एक प्रोजेक्ट नहीं था, बल्कि अलवर में आधुनिक टेलीफोन एक्सचेंज सिस्टम का शुभारंभ भी था। 1998 तकनीकी विस्तार की ओर कदम बढ़ाते हुए इनकी फर्म ब्लूआईज ने ब्लैक एंड व्हाइट कैमरों से कार्य शुरू किया। समय के साथ, ब्लूआईज ने सीसीटीवी डिजिटल मॉनिटरिंग और अत्याधुनिक सुरक्षा समाधान में विशेषज्ञता हासिल कर ली। आज लगभग सभी अस्पतालों,प्रमुख होटलों, अग्रणी कॉरपोरेट कार्यालयों और प्रमुख उद्योगों में लेटेस्ट सीसीटीवी कैमरा स्थापित किये हैं जहां संचार एवं सुरक्षा समाधान में 25 वर्षों का अनुभव गवाही दे रहा है। अब इनकी पहचान है उच्च गुणवत्ता, समय पर कार्य पूर्णता,ग्राहक संतुष्टि समाजसेवी के रूप में रोटरी क्लब जॉईन किया और रोटरी के विभिन्न प्रकल्पों में अपनी शानदार भागेदारी निभाकर समाज में एक बड़ा नाम स्थापित किया है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से हर ग्राहक को भरोसेमंद, सुरक्षित और उत्कृष्ट संचार एवं सुरक्षा समाधान प्रदान करना। इनकी फर्म का मुख्य लक्ष्य है। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

*रूपक शर्मा*

## Today
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | | 7 | 3 | | 1 | |
| | | 4 | | | 8 | | 6 | |
| 8 | | | | 6 | | 2 | 9 | 7 |
| | 4 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | | | 4 | | | 1 |
| 9 | | 5 | | | 6 | 8 | | 2 |
| 1 | | 3 | 6 | 4 | | 7 | | 9 |
| | | | | 8 | 1 | | | 3 |
| | | 2 | | 9 | | 1 | | |

**Yesturday Ans**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 6 | 8 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 5 | 4 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा। दोपहर के बाद आप मनोरंजन के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। परिवार के साथ अच्छे भोजन का लुत्फ उठा पाएंगे। व्यापार में भागीदारों के साथ लाभदायी विचार-विमर्श होगा।

**वृष**
किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है।

**मिथुन**
पेट सम्बंधी तकलीफ रहेगी। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके विरोधियों की कोई भी चाल आपके खिलाफ सफल नहीं हो सकेगी।

**कर्क**
मन में भय और सुस्ती के कारण आप निराशा का अनुभव करेंगे। परिवार में संघर्ष और निकटस्थ लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। समय पर भोजन नहीं मिल सकेगा। सार्वजनिक रूप से सम्मान को हानि न पहुंचे। वाणी में संयम बरतें।

**सिंह**
साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। व्यापार में आपको लाभ होगा। भाइयों के साथ आनंद

**कन्या**
खर्च में वृद्धि होगी। अनैतिक तथा नेगेटिव काम से आज दूर रहें। प्रभु की भक्ति और ध्यान से मन को शांति मिलेगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है।

**तुला**
आपको मानसिक भय और उलझन रहेगी, जिसके कारण आप को योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। संतान की चिंता हो सकती है। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है।

**वृश्चिक**
आप किसी भी प्रकार से संकट में ना पड़ें। व्यवसाय में आज पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें। आज भाग्य आपका साथ नहीं देगा। पदोन्नति होने की भी संभावना है। योजनानुसार काम करने से आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

**धनु**
अधिकारी के साथ वाद-विवाद को टालें और उनके कहें अनुसार आज काम करें। विरोधियों के साथ चर्चा उग्र हो सकती है। काम में सफलता मिलने में विलंब हो सकता है, धैर्य से काम करें। आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं।

**मकर**
आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज नए काम शुरू ना करें। वाणी में संयम बरतें। व्यवसाय के क्षेत्र में विघ्न आ सकता हैं।

**कुंभ**
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मीन**
आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपके विरोधी आपकी तकलीफ बढ़ा सकते हैं।

# इस सरकारी ऑफिस में नहीं हुआ ध्वजारोहण

## अधिकारी का जवाब- मेरे हाथ में रिमोट कंट्रोल नहीं



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/दौसा ( राकेश शर्मा )।** पूरे देश में कल 15 अगस्त के मौके पर ध्वजारोहण हुआ. लेकिन दौसा के सरकारी ऑफिस में झंडा नहीं फहराया गया और ना ही इस ऑफिस का ताला खुला. मामला दौसा मत्स्य विभाग का है, जब बंद पड़े इस ऑफिस का वीडियो वायरल हुआ तो अधिकारी ने जयपुर होने की बात कही. उनका कहना था कि इतनी दूर से झंडा कैसे फहराता, मेरे हाथ कोई रिमोट कंट्रोल तो है नहीं. जिला मुख्यालय का यह सरकारी महकमा अब चर्चा में है. इस ऑफिस में करीब 4 लोगों की ड्यूटी है और अफसर के पास अतिरिक्त चार्ज है।

### सामूहिक अवकाश पर कार्मिक

कार्मिकों के बारे में पूछा गया तो पता चला कि अन्य कार्मिक अवकाश पर हैं। मत्स्य विभाग के स्न्नष्ठह्र प्रेम सिंह प्रजापत ने जब इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मेरी पोस्टिंग तो जयपुर है। राजपाल को डेपुटेशन पर कोटा लगाया गया है, वो सोमवार को ज्वॉइन करेंगे. वसीम इंस्पेक्टर के परिजन की सदस्य हो गई है। अन्य महिला स्टाफ के परिजन बीमार होने के चलते वह भी नहीं थी।

### इस संबंध में करेंगे बात- विभाग

इस बारे में स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि अगर कोई स्टाफ नहीं है तो ध्वजारोहण कौन करता? 15 अगस्त के दिन ध्वजारोहण हुआ नहीं हुआ तो यह मैं कैसे कह सकता हूं। इस बारे में बात करेंगे कि 15 अगस्त को ध्वजारोहण क्यों नहीं हुआ। अधिकारी का कहना है, मुझे पता नहीं है कि ध्वजारोहण हुआ है या नहीं. ध्वजारोहण के लिए परमानेंट स्टाफ को रखना चाहिए था। ध्वजारोहण के लिए स्टाफ को वहां होना चाहिए ।

# गांव पराना से सिरस तक पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुआ सड़क मार्ग

## प्रशासन द्वारा आश्वसन के ढाई माह बाद भी नहीं हुआ समाधान, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

### वाहन चालकों को व ग्रामीणों को हो रही है परेशानी



बढ़ता राजस्थान

**सिरस/निवाई ( का.स. )।** गांव पराना से सिरस तक सडक़ मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे वाहन चालकों को आवागमन में दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। पूर्व उपसरपंच कैलाश प्रजापत, पूर्व जीएसएस अध्यक्ष श्यामलाल योगी, राकेश योगी, शिवजीलाल जाट, बजरंगलाल प्रजापतव शिवचरण योगी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव पराना से वजीराबाद गांव के पास सडक़ मार्ग पर पानी भरने से वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है। तेज बरसात के बाद सडक़ पर हो रहे गहरे गढडों में पानी भरने से वाहनों का आवागमन ही बंद हो जाता है। पानी की निकासी व सडक़ मरम्मत को लेकर पराना अटल सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर का बहिष्कार कर ग्रामीणों ने धरने पर बैठकर सडक़ सुधरवाने की मांग की थी। प्रशासन ने मौके पर जाकर समस्या का अवलोकन कर सडक़ को शीघ्र ठीक करवाने का आश्वासन दिया था। ढाई महीने बाद भी सडक़ की हालत जैसी की जैसी बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गांव वजीराबाद से सिरस तक भी सडक़ कई जगह से टूटी हुई है। सडक़ पर जीकरा व पत्थर डालने से आवागमन ज्यादा बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव पराना से सिरस तक सडक़ पर नवीन डामरीकरण करवाने की मांग की है।

# सिविल सेवा बास्केटबॉल व वॉलीबाल (पुरूष वर्ग) ट्रायल का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पाली जिला मुख्यालय पर 13 सितंबर से 15 सितंबर तक दसवीं राजस्थान राज्य अन्तर जिला सिविल सेवा बास्केटबॉल प्रतियोगिता एवं 09 वी राजस्थान राज्य अन्तर जिला सिविल सेवा वॉलीबाल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में सवाई माधोपुर जिले से पुरुषों की एक बास्केटबॉल टीम व एक वॉलीबाल टीम द्वारा भाग लिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विभागीय निर्देशानुसार निगमों/मंडलो/स्वायतशासी/संस्थाओं के अधिकारी/कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, ठेकाश्रमिक, संविदा अधिकारी/कर्मचारी, कार्यप्रभारित अधिकारी/कर्मचारी एवं पुलिस विभाग के बेल्टधारी अधिकारी/कर्मचारी को छोड़कर अन्य सभी विभागों के राजकीय सेवा में नियमित अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते है। जिला कलक्टर महोदय के आदेशानुसार सवाई माधोपुर जिलें के दलों के लिए ट्रायल 18 अगस्त को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कार्यालय जिला खेल अधिकारी, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, दशहरा मैदान, सवाई माधोपुर में आयोजित की जाएगी। सिविल सेवा ट्रायल में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी यथा समय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। जिला खेल अधिकारी अब्दुल वहीद ने बताया कि चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नियंत्रण अधिकारी से फोटो सहित परिचय पत्र प्रमाणित करवा कर साथ लाना अनिवार्य होगा। परिचय पत्र के अभाव में ट्रायल में भाग लेना संभव नहीं होगा। परिचय पत्र में खेल का नाम, खिलाड़ी का नाम, पद, पदस्थापित स्थान, विभाग, जन्मतिथि, कार्यग्रहण तिथि, मोबाइल नम्बर, ईमेल आदि का उल्लेख होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिला सिविल सेवा बास्केटबॉल व वॉलीबाल (पुरुष वर्ग) चयन प्रतिस्पर्द्धा राजस्थान राज्य के अधिकारियों/कार्मिकों के लिए जो सवाई माधोपुर जिले में कार्यरत है, उन्हीं के लिए आयोजित की जा रही है।

# सीदडा की ढाणियों में दो माह से बीसलपुर पेयजल सप्लाई ठप

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत सीदडा की ढाणियों में करीब दो माह से बीसलपुर पेयजल सप्लाई नहीं होने से ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तेजराम मीणा, रगलाल मीणा, मुकेश मीणा व मदनलाल मीणा सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सीदडा में शौभावाली ढाणी व गालिया की ढाणी सहित कई ढाणियों में सार्वजनिक प्वॉइंटो से बीसलपुर पेयजल सप्लाई होती है,जो करीब दो माह से बंद है। उन्होंने बताया कि बीसलपुर परियोजना अधिकारियों को कई बार शिकायत करने के बावजूद भी पेयजल सप्लाई बंद पड़ी हुई है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि गांव के हैंडपंपों में एवं अन्य पेयजल श्रोतों में पीने लायक पानी नहीं है। मजबूरी में लोगों को दूसरी जगह से टैंकरों से पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

# बाघों से भरे जंगल में टूरिस्ट को छोड़कर भागा गाइड

## रणथंभौर में सफारी करने पहुंचे थे, अंधेरे में 90 मिनट फंसे रहे, डर से रोने लगे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर के रणथंभौर टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में 20 टूरिस्ट की जान आफत में आ गई। दरअसल, शनिवार (16 अगस्त) शाम सफारी पर निकले टूरिस्ट की कैंटर (सफारी वाली गाड़ी) जोन नंबर-6 में खराब हो गई। टूरिस्ट के साथ गया गाइड दूसरा कैंटर लाने की बोलकर उन्हें अकेला छोड़ गया। पर्यटक शाम 6 बजे से 7.30 बजे तक अंधेरे में फंसे रहे। इस घटना से जुड़े वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो में डर से बच्चों के रोने की आवाज आ रही है। टूरिस्ट के इस ग्रुप में कई बच्चे थे। जो वीडियो सामने आया है उसमें महिलाओं की डरी हुई आवाज सुनाई दे रही है। -

### टूरिस्ट ने बनाए 2 वीडियो, लापरवाही के आरोप लगाए

कैंटर में सवार टूरिस्ट ने 2 वीडियो बनाए। एक वीडियो जोन नंबर-6 में फंसे होने का है। दूसरा वीडियो राजबाग नाका वन चौकी का है। पहला वीडियो इसमें रणथंभौर के जंगल में रूट नंबर-6 पर अंधेरे में खराब कैंटर खड़ी है। कैंटर में एक बच्चा मोबाइल देख रहा है। रोशनी के नाम पर



मोबाइल की ही लाइट है। काफी देर तक जब गाइड दूसरी कैंटर लेकर नहीं आया तो महिला टूरिस्ट ने ड्राइवर से शिकायत की। कहा- ऐसा फंसाया है आपने भैया...आपका गाइड कहां है? ड्राइवर गाइड के भाग जाने की बात कहता है। इस दौरान एक मासूम बच्चे के रोने की आवाज लगातार सुनाई देती है। बाद में टूरिस्ट ने वहां से गुजरे एक दूसरे कैंटर से लिफ्ट ली। वे जोन-6 की फॉरेस्ट चौकी राजबाग नाका तक पहुंचे। वहां उन्होंने वनपाल विजय मेघवाल मिला। टूरिस्ट ने नजदीकी वन चौकी पर विजय मेघवाल को घटना की जानकारी दी। वनपाल ने जवाब दिया कि- हमारी जिम्मेदारी नहीं है। टूरिस्ट ने नजदीकी वन चौकी पर विजय मेघवाल को घटना की जानकारी दी। वनपाल ने जवाब दिया कि हमारी जिम्मेदारी नहीं है।

### वनपाल से हुई बहस, जवाब से टूरिस्ट नाराज हुए

दूसरा वीडियो इसे राजबाग नाका वन चौकी पर टूरिस्ट ने बनाया है। जहां वनपाल विजय मेघवाल से उनकी बहस हो गई। टूरिस्ट कहता है- एक बार ये कह दो कि आपकी जिम्मेदारी नहीं है। वनपाल कहता है आपका कैंटर खराब हुआ, हमने दूसरा कैंटर भिजवा दिया। टूरिस्ट चिल्लाने लगते हैं, कहते है कि आपने ढाई घंटे लगा दिए।

### गाइड बोला- मेरा कोई दोष नहीं है

टूरिस्ट ग्रुप के साथ गए गाइड मुकेश बैरवा ने आरोपों पर सफाई दी है। उसका कहना है कि.कल कैंटर खराब होने के बाद में राजबाग नाका वन चौकी पहुंचा। वहां वन विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को घटना के बारे में अवगत कराया। इसके बाद शाम 7.40 बजे कैंटर टूरिस्ट तक पहुंचा दी गई थी। कैंटर में तकनीकी खराबी आई थी। इसमें मेरा कोई दोष नहीं।



### वनपाल का लापरवाही भरा जवाब

वहां (सफारी बुकिंग सेंटर) से रिलीज करेंगे तभी तो हम भेजेंगे। गाड़ी-घोड़ा मशीन खराब हो जाते हैं, क्या करें। इस पर टूरिस्ट फिर कहता है- आपने ये क्यों कहा कि मेरी जिम्मेदारी नहीं है। टूरिस्ट ने बताया कि उनकी शिकायत के काफी देर बाद बिना लाइट वाला कैंटर उनके लिए भेजा गया। इसे ड्राइवर टॉर्च की रोशनी में लेकर आया। इसी कैंटर से टूरिस्ट रात 8 बजे जंगल से बाहर निकल पाए।

### वन अधिकारी बोले- जांच के बाद कार्रवाई करेंगे

शनिवार को कोर एरिया में टूरिस्ट की कैंटर खराब होने की शिकायत मिली है। टूरिस्ट ने जो भी शिकायत दी है उसको लेकर जांच शुरू की है। इस मामले में तीन कैंटर के ड्राइवर, गाइड व अन्य लोगों की भूमिका देखी जा रही है। जल्द जांच पूरी कर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**- प्रमोद धाकड़, डीएफओ ( पयर्टन ), रणथंभौर टाइगर रिजर्व**

# रक्तांचल योग शिविर एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र के कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

## भारत माता के जयकारों से गूंज उठा शहर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** रक्तांचल योग शिविर एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र के तत्वावधान में विशाल तिरंगा यात्रा व राष्ट्रभक्ति महापर्व का भव्य आयोजन किया गया। सर्वेश द्विवेदी ने बताया कि तिरंगा यात्रा को अहिंसा सर्किल से मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने तिरंगा दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा अहिंसा सर्किल से होते हुए बडी के मंदिर, सर्राफा बाजार, बिलाला मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, चारभुजा मंदिर, बडा बाजार, पटेल रोड व बस स्टैंड होते हुए पुन: अहिंसा सर्किल पंहुचेगी। जहां सभी तिरंगा यात्रियों को लड्डू व मिठाई का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा में युवाओं द्वारा ध्वजारोहण, देशभक्ति गीत व मातृभूमि के प्रति प्रेमोल्लास सहित कई कार्यक्रमों को आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में युवा भगवा दुपट्टा पहनकर हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता के जयकारें लगाते हुए चल रहे थे वही महिलाएं भी हरी साड़ी या लहरिया पहनकर हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता के सम्मान में एक स्वर में भारत माता के जयघोष के साथ यात्रा में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस दौरान जयकारों से आस-पास



का वातावरण देशभक्ति मय हो गया। यात्रा में युवाओं सहित कई नन्हे-मुन्ने देशभक्त बालक बालिकाएं एक ड्रेस कोड में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में पायल सोनी ने भारत माता का किरदार किया। इस अवसर पर विनोद शर्मा, महेश दरगड, सर्वेश द्विवेदी, कमल दरगड़, अनिल जाट नोहटा, मायाराम शर्मा, बालचन्द सबनानी, दिनेश, मंगल, मनीष केसोट, रमेश सोनी, कैलाशचन्द पारीक, मनीष खंडेलवाल, शैलेंद्र जैन, अंकित जैन, रवि अग्रवाल, महेंद्र जैन, शिमला शर्मा, रीना द्विवेदी, राजुल जैन, पिंकी पारीक, पार्वती सोनी, ममता जैन, शकुंतला शर्मा, रश्मि विजय व आशा जैन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार भेंट

## योगी आदित्यनाथ का जताया आभार



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत गाजियाबाद के मोदीनगर मे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नए विश्वविद्यालय के संचालन की स्वीकृति प्रदान करने पर डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. देवेन्द्रकुमार मोदी, कुलसचिव यू.ए. मिश्रा व पीआरओ ठा. तनुज सैगर ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर शिक्षा संबंधी विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त करके विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न कोर्स एवं विश्वविद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वविद्यालय के संचालन, प्रवेश प्रक्रिया व शैक्षिक गुणवत्ता को लेकर विस्तृत चर्चा की।

# शिक्षकों ने विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शिक्षकों की न्याय व विधि सम्मत समस्याओं पर कार्यवाही हेतु अध्यक्ष सुवालाल मीणा के नेतृत्व में विधायक शिक्षकों ने विधायक राम सहाय वर्मा को ज्ञापन सौंपा। उपशाखा मंत्री रामनरेश विजय तथा जिला कोषाध्यक्ष विमल विजय ने बताया कि शिक्षा व शिक्षकों की समस्याओं पर सरकार का समय-समय पर ध्यान आकृष्ट किए जाने के बावजूद स्थानांतरण की प्रक्रिया, विभिन्न स्तरों की पदोन्नतियां लंबित होना, रिक्त पदों को तत्काल भरना, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करना एवं वेतन आयोग में वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित कई अन्य मांगों पर सरकार ने सकारात्मक कदम नहीं उठाया है। संगठन ने ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

इस दौरान सभा अध्यक्ष मनोज कुमार जैन, पुरुषोत्तम नामा, देवराज सिंह, हनुमान गुर्जर, विनोद कुमार जैन, रामवतार बैरवा, अशोक चौधरी, शकुंतला वर्मा, अशोक बैरवा, मुकेश मीना, पवन साहू, शकुंतला वर्मा, टीना विजय, सियाराम राणा, विक्रम सिंह, श्योनारायण माली, अनीता यादव व राममणी विजय सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# जिला सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** जिला तीरंदाजी संघ टोंक के तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में आयोजित एक दिवसीय जिला सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन पुरुस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ खेल प्रशासक दुर्गा शंकर शर्मा रहे तथा अध्यक्षता पीईईओ राकेश अग्रवाल ने की। विशिष्ठ अतिथि शारीरिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा रहे। समारोह में विजेता खिलाडयिों को पुरस्कृत किया गया। जिला तीरंदाजी संघ टोंक इंडियन राउंड सीनियर पुरुष वर्ग में अमर राज शर्मा प्रथम, अंकित प्रजापत द्वितीय रहे। संघ के जिला सचिव कुमार धनंजय महिला वर्ग में अंकिता चौधरी प्रथम, जया झा द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार रिकर्व राउंड में विशाल टेपण प्रथम, दीपक मीना द्वितीय रहे, महिला वर्ग में सताक्षी सिंह प्रथम, हर्षिता झा द्वितीय रहे। कंपाउंड पुरुष में अनिल मांड्या प्रथम, कृष्ण कुमार शर्मा द्वितीय, महिला वर्ग में पावनी वशिष्ठ प्रथम, श्रेया श्रेष्ठ द्वितीय रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में राकेश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, कृष्णकुमार शर्मा, सत्यनारायण खंगार, ललित बैरवा, कौशल चौधरी निर्णायक गण उपस्थित रहे।

# जिले का दूसरा व तीसरा उप स्वास्थ्य केंद्र हुआ राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में नेशनल एनक्यूएएस प्रमाणित



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बिचपडी व सींदरा का हैल्थ वैलनेस सेन्टर व उप स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में नेशनल एनक्यूएएस प्रमाणित हुआ है। बिचपडी के उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सीएचओ शोभाराम चौधरी, एएनएम सीमा गुर्जर व आशा सहयोगिनी सावित्री लोधा एवं सींदरा उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सीएचओ शिमला जाट, एएनएम यास्मीन परवीन व आशा सहयोगिनी राज बाई ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की जांच करने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम के सदस्य डॉ. नलिनी आनन्द एवं डॉ. आरती कापखान ने केंद्र का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र पर रोगियों को मिलने वाली समस्त सुविधाओ की जांच की एवं उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम, आशा सहयोगिनियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए संतोष पूर्ण कार्य बताया। इस दौरान राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम सदस्यों ने उप स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं को लेकर 3 वर्ष के लिए प्रमाणित किया गया। बीसीएमएचओ डॉ. पवन हाथीवाल ने बताया कि इसके लिए उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों सहित ग्रामीणों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है।

# पटवारी परीक्षा के पेपर को अभ्यर्थियों ने बताया आसान

## 21 सेंटर पर 90 फीसदी से ज्यादा स्टूडेंट्स ने दिया एग्जाम, बस स्टैंड पर भीड

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक में रविवार को 21 परीक्षा केंद्रों पर पटवार भर्ती परीक्षा का आयोजन हुआ है। 2 पारियों में हुई इस परीक्षा में पहली पारी में 90.83 और दूसरी पारी में 91.68 फीसदी परीक्षार्थियों ने एग्जाम दिया। दूसरी पारी में भी रजिस्टर्ड 8 हजार 40 अभ्यर्थियों में से 731 परीक्षार्थियों परीक्षा दी। 669 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पारी सुबह सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुई।

दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे खत्म हुई। पटवारी भर्ती परीक्षा की दोनों पारियों के लिए टोंक में 16 हजार 80 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड रहे। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी जांच पड़ताल के बाद स्टूडेंट्स को प्रवेश दिया गया।

एग्जाम शुरू होने से 2 घंटा पहले सेंटर में प्रवेश मिला। और परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले गेट बंद कर दिए। यानि एक घंटा तक प्रवेश दिया गया। इसके बाद सेंटर का गेट बंद कर दिया।

परीक्षा खत्म होने के बाद रोड पर कुछ देर के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। रोडवेज बस स्टैंड पर काफी भीड़ दिखाई दी। जिसे पुलिस और रोडवेज प्रशासन से उनके रूट के हिसाब से बसों की व्यवस्था कर देर शाम तक गंतव्य स्थानों पर भेज दिया। रात 8 बजे तक भी परीक्षार्थियों का गंतव्य स्थान पर जाने का सिलसिला चलता रहा।

### गणित के सवालों को हल करने में कम पड़ा समय

पहली पारी की परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थी शैलेस बाथेड़ा ने बताया कि एग्जाम ज्यादा ठप नहीं था। गणित के प्रश्नों को हल करने में थोड़ा समय कम पड़ गया। अन्य सब्जेक्ट के प्रश्न ज्यादा कठिन नहीं थे। पेपर सामान्य था।

### बायोमैट्रिक और मेटल डिटेक्टर से जांच कर दिया प्रवेश

परीक्षा समन्वयक,छ्वरू राम रतन रामरतन सौंकरिया ने बताया कि पहली पारी की परीक्षा शांति पूर्ण हुई। परीक्षा में पूरी पारदर्शिता बनाये रखने के लिए परीक्षार्थियों को बायोमैट्रिक और मेटल डिटेक्टर से जांच कर अंदर प्रवेश दिया गया। दोनों पारियों में हर पारी की परीक्षा के लिए 8 हजार 40 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड रहे। जिनमें अधिकांश अभ्यर्थी टोंक जिले के ही है।

### पहली पारी में 90.83प्रतिशत स्टूडेंट्स ने दिया एग्जाम

पहली पारी में 90.83 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने भाग्य आजमाया है। यानि कि पहली पारी के लिए रजिस्टर्ड 8 हजार 40 में से 7 हजार 303 परीक्षार्थी मौजूद रहे। जबकि 737 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में प्रश्न पत्र ज्यादा हार्ड नहीं लगे, लेकिन गणित के सवालों में परीक्षार्थियों को हल करने में मशक्कत करनी पड़ी। टाइम ज्यादा लगने से कुछ अभ्यर्थियों के 8-10 सवाल छूट गए। सेकंड पारी की परीक्ष देकर बाहर निकले छात्रों ने बताया कि पेपर एवरेज रहा। बहुत ज्यादा कठिन नहीं था। हिस्ट्री के कुछ प्रश्नों को घुमा-फिरा कर पूछा गया तो थोड़ा गणित के सवाल भी करने में समय ज्यादा लगा।

# श्री जगन्नाथ मंदिर में धूमधाम से हुआ दशम दहीहांडी महोत्सव, गोविंदाओं ने फोड़ी मटकी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में शनिवार को दशम दहीहांडी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीना रहे, जबकि अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि जय प्रताप राठौड़ ने की। विशिष्ट अतिथियों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवसहाय मीणा, सालोली सरपंच रामसिंह मीना, एडीएम डी.सी. मीना और व्यापार संघ अध्यक्ष बसंत गुप्ता शामिल रहे।

मंदिर महंत एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री व पंडित रोहित शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पूर्व गणेश पूजन और लड्डू गोपाल जी की आरती की गई। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया।

दशम दहीहांडी कमेटी अध्यक्ष दीनदयाल मंडावरा और सचिव विश्वास मित्तल ने बताया कि प्रतियोगिता में दो टीमों ने भाग लिया। इसमें हेल्थ कोर फिटनेस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मटकी फोड़कर विजय प्राप्त की। विजेता टीम को अतिथियों द्वारा ?2100 नकद और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

महोत्सव के दौरान आतिशबाजी ने वातावरण को और भी रोमांचक बना दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु दूर-दराज़ से दहीहांडी देखने पहुंचे।

इस अवसर पर मंदिर महंत पूर्णदास, एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री, पंडित रोहित शर्मा, दीनदयाल मंडावरा, एडवोकेट विश्वास मित्तल, उपाध्याय सुनील कुमार शर्मा, यश खंडेलवाल, हरिओम गुप्ता, एडवोकेट महेंद्र तिवारी, गायत्री शर्मा, मीनू खुटेंटा, अजय शर्मा, जितेंद्र सैन, आशीष शर्मा, दिलीप ओजट, पवन पटवा, चिराग सैनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मदनमोहन शास्त्री व लोकेश तिवारी ने किया।



## नि:शुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर आयोजित, 93 दिव्यांग हुए लाभान्वित



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** कदम्ब डेवलपमेंट एंड रिसर्च फ़ाउंडेशन, बहरोड़ द्वारा जनसेवा अभियान - एक कदम्ब जीवन की ओर के तहत रविवार को पतासा मार्केट स्थित चिरंजीलाल धर्मशाला में नि:शुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर लाला देवीचन्द ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला, हिसार एवं श्रीमती सरोज गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

शिविर में शारीरिक, श्रवण व दृष्टि चुनौतियों से जूझ रहे दिव्यांगजनों की नि:शुल्क जांच एवं चयन किया गया। डायरेक्टर बर्बरीक अग्रवाल ने बताया कि शिविर के मुख्य अतिथि नकुल अग्रवाल (एसीजेएम), डॉ. आदर्श अग्रवाल (डिप्टी डायरेक्टर) और रविकांत (बीसीएमओ) रहे, जिन्होंने संस्था की पहल की सराहना की। वहीं, सचिव दिव्यम अग्रवाल ने कहा कि सेवा जब करुणा बन जाए तो जीवन जगमगाता है और कदम्ब का संकल्प है कि सम्मान, सहयोग और आत्मबल से हर जीवन को संवारना।

शिविर में कुल 198 ओपीडी हुई, जिनमें से 93 दिव्यांग लाभान्वित हुए। इनमें 55 कृत्रिम हाथ-पैर, 5 ट्राइसाइकिल, 5 व्हीलचेयर, 10 बैसाखी, 14 वॉकर और 4 हैंडस्टिक की जांच में जरूरतमंदों का चयन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता (एडवोकेट), शिल्पा अग्रवाल सहित कदम्ब फाउंडेशन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। संस्था का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें नया जीवन प्रदान करना है।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 81 यूनिट रक्त एकत्रित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन की ओर से कस्बे के मेला का चौराहा स्थित सैनी धर्मशाला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर के आयोजक दिनेश सैनी व यादराम मीना ने बताया कि संगठन द्वारा यह तीसरा रक्तदान शिविर है। इस अवसर पर 81 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, जिसमें 35 रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान कर समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन अर्जुन ब्लड सेंटर जयपुर व मोनार्क ब्लड सेंटर के सहयोग से किया गया। आयोजकों ने बताया कि नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन लगभग 800 सदस्यों के साथ समाज में न केवल जीवन बचाने का कार्य कर रहा है बल्कि रक्तदान को महादान के रूप में स्थापित करने का संदेश भी दे रहा है। इस अवसर पर दिनेश सैनी, यादराम मीना, रामसिंह बड़ला, हजारीलाल, अमरचंद मीना, हंसराज, संतोष कुण्डारिया, तारेश दुब्बी, सीमा रमेश डाबला, सरोज पाटन, राकेश, प्रमोद सैनी, हरिओम, मिट्टन खोडा, पूरण फौजी, प्रभु राम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब अलवर को सदस्यता वृद्धि के लिए सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 का मेंबरशिप सेमिनार बीकानेर के कुटुम में आयोजित हुआ। इस अवसर पर रोटरी क्लब अलवर को सर्वाधिक सदस्यता वृद्धि (हाईएस्ट मेंबरशिप ग्रोथ) के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान क्लब की सतत मेहनत और सामाजिक सेवाभाव का परिणाम माना गया। क्लब अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी क्लब अलवर भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य कर समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करता रहेगा।

कार्यक्रम में पूर्व प्रान्तपाल पवन खंडेलवाल, अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल, सचिव ऋषि मित्तल, असिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल, पूर्व अध्यक्ष नीरज जैन, ललित वर्मा, इंदिरा गुप्ता, अन्नू मित्तल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## रामगढ़ को मिला कृषि महाविद्यालय का नया भवन, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रामगढ़ के नौगांवा में लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से बने कृषि महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं अकादमिक भवन का लोकार्पण केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए महाविद्यालय में आधुनिक लैब, लाइब्रेरी, डिजिटल क्लासरूम एवं फैकल्टी उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि नौगांवा और किशनगढ़बास स्थित कृषि महाविद्यालय अनुसंधान व प्रशिक्षण के जरिए क्षेत्र के किसानों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

मंत्री यादव ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र कई चुनौतियों से जूझ रहा है, लेकिन अनुसंधान और नवाचार के बल पर किसान आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बन सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन का उल्लेख करते हुए बताया कि सरकार का लक्ष्य दूध, दाल और जूट उत्पादन में भारत को विश्व में प्रथम स्थान पर लाना है। साथ ही चावल, गेहूं, कपास, फल-सब्जी जैसे उत्पादों में भी देश को आगे बढ़ाने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 300 करोड़ रुपये की लागत से अलवर डेयरी में 5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का नया संयंत्र लगाने का निर्णय लिया है। साथ ही, पशुधन नस्ल सुधार और डेयरी क्षेत्र की उन्नति के लिए वेटरनरी कॉलेज की स्थापना के प्रयास किए जाएंगे।



इस मौके पर श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलगुरु प्रो. बलराज सिंह ने कृषि की उन्नति हेतु नवीन शोध और तकनीकों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, विधायक सुखवंत सिंह, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, डीन सुमन खंडेलवाल, डीन महावीर यादव, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल सहित कई जनप्रतिनिधि, अकादमिक जगत से जुड़े लोग, विद्यार्थी और आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## डॉ. डी.आर. यादव का 66वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया, नि:शुल्क नेत्र शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित डॉ. डी.आर. अस्पताल, बानसूर में डॉ. डी.आर. यादव का 66वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

डॉ. यादव ने बताया कि शिविर में कुल 115 यूनिट रक्तदान हुआ, वहीं नेत्र शिविर में सैकड़ों लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 75 मरीजों को नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व सांसद डॉ. कर्ण सिंह यादव ने कहा कि डॉ. डी.आर. यादव ने गांव की धरती से जुड़कर गरीबों की सेवा हेतु बानसूर में अस्पताल खोला है। उन्होंने आग्रह किया कि डॉ. यादव विधायक देवीसिंह शेखावत जैसे कर्मठ नेता का सहयोग करते रहें।

अध्यक्षता कर रहे विधायक देवीसिंह शेखावत ने डॉ. यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सेवाएं समाज के



लिए अनुकरणीय हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे आगे भी इसी सेवा भाव को बनाए रखकर क्षेत्र की जनता की सेवा करते रहेंगे।

पूर्व उपसरपंच महेश ढांचौलिया ने कहा कि डॉ. यादव की सेवाएं वैश्विक स्तर तक पहचानी जाती हैं, तभी उन्हें नेल्सन मंडेला पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 11 पौधे लगाकर वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपवैद्य बृजमोहन शर्मा और नमोनारायण जैन ने किया।

इस मौके पर यादव समाज अध्यक्ष सुभाषचंद यादव, पूर्व अध्यक्ष गोकुलचंद, भाजपा नेता डॉ. शशिकांत बोहरा, एडवोकेट बस्तीराम यादव, बनवारीलाल यादव, राजेंद्र आर्य, धंशीराम रावत, संकेत लाटा, अनिल यादव, नवीन यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित, विजय कुमावत, युवा भाजपा नेता विष्णु सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, मरीज और उनके परिजन मौजूद रहे।

## लिटिल फ्लावर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के पुराना राजगढ़ रोड स्थित लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण और राधा का रूप धारण कर आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। साथ ही विभिन्न नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यालय निदेशक हेमंत सैनी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में मध्यरात्रि को हुआ था। तभी से उनकी लीलाओं और शिक्षाओं को याद करते हुए हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है। इसके साथ ही छात्रों ने देशभक्ति पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दीं, जिनसे स्वतंत्रता दिवस का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे और बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की।

## बिना बताए घर से निकले तीन नाबालिग दस्तयाब, परिजनों को सौंपे

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** थाना बानसूर पुलिस ने तीन नाबालिग बच्चों को दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुरक्षित सौंप दिया। तीनों बच्चे 13 वर्ष के हैं और माता-पिता की डांट-फटकार से नाराज होकर घर से निकल गए थे। जिला कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश के निर्देशन व पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार जिले में नाबालिग बच्चों की तलाश हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बानसूर थाना क्षेत्र में भी सघन निगरानी रखी जा रही थी। इस दौरान बानसूर थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक को गश्त के दौरान परिजनों ने सूचना दी कि उनके बच्चे हरसौरा रोड बाईपास से लापता हो गए हैं। पुलिस ने तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसी बीच सीकर के उद्योग नगर थानाधिकारी का फोन आया कि तीन बच्चों को वहां दस्तयाब किया गया है। थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक टीम व परिजनों सहित सीकर पहुंचे और तीनों बच्चों को बानसूर थाने लेकर आए। पूछताछ में बच्चों ने पहले झूठी कहानी गढ़ी कि उन्हें एक वैन चालक जबरन उठा ले गया था, लेकिन बाद में सच्चाई बताई कि वे घर से नाराज होकर स्वयं ही निकल पड़े थे। नाबालिगों ने बताया कि वे प्रतिदिन शाम को घूमने जाते थे और अक्सर बड़ों के पास बैठने को लेकर परिजन डांटते थे, जिससे परेशान होकर वे घर से निकल गए। बच्चों ने सीकर में एक सब्जी विक्रेता से काम भी मांगा। सब्जी विक्रेता ने बातचीत के दौरान उनका गाँव और परिजनों का नंबर पूछकर तुरंत सूचना परिजनों व पुलिस को दी।

## गोपालोत्सव में कृष्ण-सुदामा मिलन का मंचन, मित्रता व भाईचारे का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** माता शीतला सेवा समिति श्रीराम दरबार, मालाखेड़ा गेट की ओर से आयोजित गोपालोत्सव व दही हांडी कार्यक्रम में कृष्ण-सुदामा के मिलन का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस प्रसंग ने समाज को मित्रता, भाईचारा और एकता का संदेश दिया। समिति अध्यक्ष वीरेंद्र दाधीच ने बताया कि कृष्ण-सुदामा का आत्मीय मिलन देखकर उपस्थित लोग भावुक हो उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदिवासी सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष फौजी अमर चंद मीना ने इसे समाज में भाईचारा व मित्रता बनाए रखने का प्रतीक बताया।

नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने कहा कि समिति समय-समय पर सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजन कर समाज को जोड़ने का कार्य कर रही है। समिति द्वारा मालाखेड़ा गेट का सौंदर्यकरण और शीतला वाटिका का निर्माण कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया गया है।

स्थानीय पार्षद सुनीता प्रजापत ने विकास कार्यों के लिए प्रेरणा देने पर समिति की सराहना की। वहीं शहर कोतवाल राजेश मीणा ने कार्यक्रम से भाईचारे का संदेश मिलने की बात कही।

लायंस क्लब प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य ने बताया कि पिछले 10 दिनों से समिति के सेवादार बच्चों ने उत्साहपूर्वक दही हांडी की तैयारी की थी, जिसमें बच्चों और युवाओं का विशेष जोश देखने को मिला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ओएसडी व वरिष्ठ आरएएस अधिकारी डी.सी. मीना, लायंस क्लब अध्यक्ष प्रदीप महावर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, संकल्प आईटीआई निदेशक अजय यादव, जगदीश आर्यभट्ट सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्याम सुंदर विजय, गिर्राज प्रजापत, योगेश व्यास, बिजेंद्र मिश्रा, भारत प्रधान, महेश सोनी, छोटे लाल सैनी, लोकेश रावत, योगेश वशिष्ठ, प्रीति विजय, प्रदीप शर्मा, गौरव कसेरा, तुलसी शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया।



## महिलाओं व युवाओं के लिए सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। जिले में पहली बार भारत सरकार से मान्यता प्राप्त केयरिंग हैण्ड्स ट्रस्ट द्वारा युवाओं और महिलाओं के लिए सिलाई एवं कढ़ाई का चैरिटेबल प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया गया है।

इस केंद्र में प्रशिक्षणार्थियों को कपड़ों की सिलाई और कढ़ाई का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा, जिससे वे रोजगार और स्वरोजगार के अनेक अवसर प्राप्त कर सकेंगे। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान किया जाएगा। साथ ही योग्यता के आधार पर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार हेतु विशेष सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

पंजीकरण के लिए पुरुषों की आयु सीमा 15 से 30 वर्ष तथा महिलाओं की आयु सीमा 15 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

# भारतीय मजदूर संघ जिला कोटा का परिचय वर्ग सफलतापूर्वक सम्पन्न

## तेरह चिन्ह, के साथ संघ का परिचय व कार्यकर्ता भूमिका पर संवाद



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** भारतीय मजदूर संघ जिला कोटा द्वारा आज परिचय वर्ग का आयोजन कार्यालय शेड नंबर 4, भारतीय मजदूर संघ कोटा थर्मल इकाई पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे अतिथियों के स्वागत एवं उद्घाटन सत्र से हुआ। लगभग चार घंटे तक चले इस परिचय वर्ग में संघ की कार्यप्रणाली, इतिहास, कार्यकर्ता प्रशिक्षण तथा संगठन के मूल लक्ष्य एवं नारों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रत्येक सत्र में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नोत्तर के माध्यम से विचार-विमर्श किया। मुख्य सत्रों में भारतीय मजदूर संघ का परिचय, कार्यकर्ता की भूमिका तथा हमारे तेरह चिन्ह और हमारे नारे विषय शामिल रहे। इन विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन देने वाले प्रमुख वक्ता रहे — अवधेश मिश्रा, ब्रिजेशकांत शर्मा, एवं राजेंद्र शर्मा। उनके प्रेरक विचारों से उपस्थित कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर जिलामंत्री श्री रवि गौतम ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ केवल मजदूरों का संगठन ही नहीं, बल्कि एक राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है। युवा कार्यकर्ताओं का जुड़ाव ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। संपूर्ण आयोजन अनुशासित एवं प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# समावेशी शिक्षा के तहत 34 दिव्यांग विद्यार्थियों को उपकरणों का वितरण

## दिव्यांग जनों का सामर्थ्य किसी से कम नहीं, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना हम सबका दायित्व-शिक्षा मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (दामोदर सिंह)।** समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत रविवार को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय छात्रावास, डाईट परिसर में विशेष आवश्यकता वाले 34 विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह उपकरण एलिम्को (एएलआईएमसीओ), कानपुर से प्राप्त हुए, जिन्हें शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने स्वयं बच्चों को सौंपा। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चे सामर्थ्य में किसी से कम नहीं हैं। उनमें कई विशिष्ट खूबियां होती हैं और इतिहास साक्षी है कि विशेष योग्यता वाले जनों ने सृष्टि के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह छात्र देश का भविष्य हैं और राष्ट्र के विकास में उनका योगदान अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा आत्मनिर्भर भारत के लिए कृतसंकल्पित हैं। दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि प्रत्येक व्यक्ति की सामर्थ्य के अनुसार सेवा करें और मानवता का परिचय दें। यह सभी लोगों की परीक्षा है कि किस प्रकार से जरूरतमंद की मदद कर हम ईश्वर द्वारा दिए गए मानव जीवन को सार्थक बनाते हैं। शिक्षा मंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करें और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए पॉलिथिन का प्रयोग न करें तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। कार्यक्रम में कुल 3,54,987 रुपये लागत के उपकरण वितरित किए गए। इनमें 02 बैट्री ऑपरेटेड मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 01 सी.पी. चेयर विद कमोड, 12 टी.एल.एम. किट, 03 ट्राईसाइकिल, 02 विजुअली इम्पेयर्ड किट, 07 व्हील चेयर, 03 रोलैटर, 01 ब्रेल किट तथा 05 उपकरण (केएएफओ, एएफओ, बीटीई) शामिल रहे। इस अवसर पर भामाशाह श्रीमती रेखा जैन एवं शिक्षा सहकारी समिति के संचालक श्री दिनेश मीणा द्वारा बच्चों को 52 जोड़ी जूते एवं स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को 16 पोशाक वितरित की गई। विद्यार्थियों को धूप और बारिश से बचाव के लिए छतरियां भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड के विद्यार्थियों द्वारा पिरामिड निर्माण एवं विभिन्न साहसिक गतिविधियां प्रस्तुत की गईं, जिसकी शिक्षा मंत्री ने सराहना की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद श्री नितिन, शिक्षा मंत्री के ओएसडी श्री सतीश कुमार गुप्ता, संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग श्री रूप सिंह मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री के.के. शर्मा, सीडीईओ श्रीमती पवित्रा त्रिपाठी, समग्र शिक्षा से एडीपीसी श्री रूपेश कुमार सिंह, एडीईओ श्री राम चंद्र मीना, समग्र शिक्षा प्रभारी अनु मेहा शर्मा सहित छात्र, शिक्षक एवं कोटा के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री ओम पंचोली द्वारा किया गया।

# जुलाई माह में बेटिकटो से वसूले 10 करोड़ 58 लाख

## गतवर्ष की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक राजस्व

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** पश्चिम मध्य रेल मण्डल ने कोटा सहित तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में चालू वित्तीय वर्ष के जुलाई 2025 में कुल 1 लाख 57 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 10 करोड़ 58 लाख रूपए का राजस्व अर्जित कर रेलवे के खजाने मे जमा करा दिया। पिछले वर्ष 1 लाख 45 हजार मामले पकड़े और वसूला गया अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना 7 करोड़ 99 लाख रूपये की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत मामले और 32 प्रतिशत राजस्व अधिक है। साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 09 करोड़ 60 लाख को भी पार किया है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर पश्चिम मध्य रेलवे ने टिकट चैकिंग से अप्रैल 2025 में कुल 1 लाख 48 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 10 करोड़ 30 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया। मई 2025 में कुल 1 लाख 96 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 14 करोड़ 49 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया। जून 2025 में कुल 2 लाख 14 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 15 करोड़ 93 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया।

### चालू वित्तीय वर्ष के जुलाई माह में कोटा मंडल स्तर पर परफॉरमेंस

कोटा मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 29 हजार प्रकरण से रेलवे ने 1 करोड़ 88 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया, जो पिछले वर्ष वसूला गया जुर्माना 1 करोड़ 84 लाख रूपये की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि बिना टिकट यात्रा ना करें। उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व मे मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा में कृष्ण जन्माष्टमी धूम धाम से मनाई गई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कमला उद्यान कोटा मै कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। बाल कृष्ण ओर राधा बने बच्चों ने नृत्य करके अपने प्रस्तुति दी। सबसे रोचक कार्यक्रम राधा सत्यभामा का नाटक रहा, जिसमें कलाकारों ने बहुत सुंदर अभिनय करके सबको रोमांचित कर दिया । केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने मटकी फोड़ने का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि मटकी फोड़ने से अभिप्राय अपने देह अभिमान को नष्ट करना है । फिर हमे माखन रूपी सतयुगी राज्य ओर खुशियां मिलती है। दीदी ने अंत मै कलश फोड़कर आए हुए सभी भाई बहनों को मक्खन खिलाकर कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी । ओर कलाकारों को आशीर्वाद दिया।

# प्री डीएलएड 2025: तृतीय आवंटन सूची जारी

## 22 तक करनी होगी रिपोर्टिंग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्री डीएलएड परीक्षा की तृतीय आवंटन सूची जारी कर दी गई है। कॉर्डिनेटर डॉ रवि गुप्ता ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को कॉलेज अलॉट हुआ है उन्हें अनिवार्य रूप से 13,555 रुपए ऑनलाइन फीस जमा कराकर मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर रिपोर्ट करना होगा। ऑनलाइन प्रभारी प्रोफेसर राकेश शर्मा ने बताया कि फीस जमा करने की अंतिम तारीख 21 अगस्त है तथा संबंधित कॉलेज में रिपोर्टिंग की 22 अगस्त हैं। अंतिम तिथि तक रिपोर्टिंग नहीं करने पर अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा तथा पुनः मौका नहीं मिलेगा । सह समन्वयक डॉ संदीप हुड्डा ने बताया कि तीसरी लिस्ट में 1580 अभ्यर्थियों को महाविद्यालय अलॉट हुए हैं। अब तक उपलब्ध कुल 25870 सीटों में से 99.98 प्रतिशत पर प्रवेश दिए जा चुके हैं। गौरतलब है कि लगभग साढ़े पांच लाख अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में अपना भाग्य आजमाया था।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की पवित्र आत्मा है - अरविन्द सिसोदिया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** भारतीय जनता पार्टी के मीडिया संपर्क विभाग के प्रदेश सहसंयोजक अरविंद सिसोदिया ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आदरपूर्वक उल्लेख करने का स्वागत करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की पवित्रआत्मा है। भारतवासियों के लिए यह संगठन ईश्वर तुल्य है, पवित्र ईश्वरीय वरदान है। देव दुर्लभ स्वयंसेवकों के जीवन समर्पण से यह भारत की रोम रोम में आदर सहित समाहित है व्याप्त है, आत्मसात है। सिसोदिया नें कहा कि प्रधानमंत्री मोदीजी के द्वारा इसकी प्रशंसा किया जाना भारत के आम जन की अभिलाशाओं और इच्छाओं का प्रगटीकरण ही है। इसके स्वयंसेवकों का त्याग, समर्पण, अनुशासन, शौर्य, पराक्रम और पुरुषार्थ पूर्ण जीवन स्तुत्य है। विश्व के सबसे बड़े इस महान स्वयंसेवी संगठन पर भारतवासी को गौरव है। सिसोदिया नें कहा कि इस विषय को विपक्ष के कुछ अति तुष्टिकरण में फंसे हुए नेताओं के द्वारा, कथितरूप से वोट बैंक संतुष्टिकरण के तहत निरर्थक आलोचना करना पूरी तरह निंदनीय एवं गैर जरूरी है। इस आलोचना से उन नेताओं नें अपने आप को तुच्छ किया है। संघ ने भारत के समाज को स्वाभिमान और आत्मगौरव की प्रेरणा से सिंचित कर उसे समर्थ बनाया है। इसका लालकिले की प्राचीर से सम्मान और अभिवादन बनता है और उसी कर्तव्य को प्रधानमंत्री मोदीजी नें निभाया है। यह पूरी तरह से सही व औचित्यपूर्ण है। जिसका देश स्वागत करता है।

# पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर पत्रकार सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को उपखंड स्तर पर सम्मानित किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर बढ़ता राजस्थान के संवाददाता संजय कुमार जैन को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद मल्होत्रा, उपखंड अधिकारी कृति व्यास एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड के हाथों से दिया गया । पार्षद मनीष गिरी ने पत्रकार संजय जैन एवं पुरस्कार पाने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। पार्षद मनीष गिरी ने शहर के निवासियों स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।

# लायंस क्लब कोटा संस्कृति की 22 सदस्यीय कार्यकारिणी ने ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** लायंस क्लब कोटा संस्कृति की नई कार्यकारिणी (सत्र 2025-26) का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग, पदस्थापन अधिकारी पीडीजी लायन अनिल नाहर, विशिष्ट अतिथि एसवीडीजी लायन सी.पी. विजयवर्गीय, पीडीजी लायन पूर्णिमा खंडेलवाल, पीडीजी लायन राजेंद्र अग्रवाल, चेयरपर्सन लायन डॉ. सुषमा आहूजा तथा अन्य गणमान्य अतिथि मंचासीन रहे।

समारोह की शुरुआत लायनवाद के प्रणेता मेल्विन जॉन्स और मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। सुनीता विजय ने ध्वज वंदना प्रस्तुत की, जबकि लायन कुसुम विजय, ऊषा, मधु और सीमा ने प्रांतीय प्रार्थना गाई। मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण, तिरंगी चुनरी, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

अध्यक्ष लायन सोनल नंदवाना ने स्वागत उद्बोधन दिया। पूर्व प्रांतपाल लायन राजेंद्र अग्रवाल ने सभी सदस्यों को लायन सदस्य बनने की शपथ दिलाई, जबकि द्वितीय उपप्रांतपाल लायन सी.पी. विजयवर्गीय ने लायनिज्म की जानकारी दी। पदस्थापन अधिकारी लायन अनिल नाहर ने नई कार्यकारिणी की प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा अब तक की गतिविधियों की सराहना की और सभी सदस्यों को उनके दायित्वों का बोध कराया।

नई अध्यक्ष लायन रेखा विजय को पुष्पवर्षा के साथ मंच पर लाया गया। सचिव लायन मीनू विजय, कोषाध्यक्ष लायन सुजाता विजय, सह सचिव लायन शीला विजय, प्रथम उपाध्यक्ष लायन दर्शना गांधी सहित 22 सदस्यीय कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि लायन रामकिशोर गर्ग ने सभी सदस्यों को बधाई दी और इंटरनेशनल सर्टिफिकेट, लायन पिन एवं चार्टर प्रदान किया।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने निकाली सद्भावना यात्रा

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश एक भी है और एकजुट भी है - इन्द्रेश कुमार

**पहलगाम में फहराया तिरंगा, सुरक्षा बलों को बांधी राखी**

बढ़ता राजस्थान




**कोटा/श्रीनगर/पहलगाम/(विनोद गौढ़)।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा रविवार को श्रीनगर से पहलगाम तक आतंक मुक्त, शांति एवं सद्भावना यात्रा निकाली गई। मंच के संरक्षक इन्द्रेश कुमार के मार्गदर्शन में निकाली गई इस यात्रा में मंच के प्रदेश सह संयोजक इरशाद अली ने भी भाग लिया।

कश्मीर जन्नत है और जन्नत में हिंसा का कोई काम नहीं है

यात्रा में सम्मिलित लोगों को सम्बोधित करते हुए पहलगाम में आम आदमियों पर कायरतापूर्ण आतंकी हमले के बाद हमने यह संदेश देने के लिए यात्रा निकाली है सभी भारतवासी एकजुट हैं, हम हिंदुस्तान के हैं और कश्मीर भी हिंदुस्तान का है। हमने हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया लेकिन कार्रवाई सैन्य और आतंकी ठिकानों पर ही की है, आम जनता पर हमला नहीं किया। उन्होंने यात्रा में नारा दिया कि 'पूरा कश्मीर हमारा' आने वाले समय में पाक् अधिकृत कश्मीर को भी भारत वापस ले लेगा और अखण्ड भारत का सपना भी साकार होगा। यात्रा में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का पैगाम, शांति सद्भावना और विकास, जैसे देश भक्ति नारे लगाए गए। वहीं कश्मीर में तैनात सुरक्षा बलों को राखी भी बांधी गई।

इस अवसर पर इरशाद अली ने कहा कि एक समय में कश्मीर आतंकियों का गढ़ बन गया था लेकिन आज न केवल घाटी में आतंकियों का सफाया हो गया बल्कि दुनियाभर के पर्यटक भी यहां आ रहे हैं। यह बात आतंकियों और उनके आकाओं को नहीं पच रही है इसलिए पहलगाम में मासूम पर्यटकों की जघन्य हत्या की गई। लेकिन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने यह यात्रा निकाल कर स्पष्ट संदेश दिया है कि कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है और यहां आने में किसी भी देशवासी को कोई डर नहीं है। हमने कश्मीर से पूरे देश के लिए भाईचारे, प्रेम और अमन का संदेश भी इस यात्रा के माध्यम से दिया है। कार्यक्रम में राजस्थान से गई टोली के नतृत्वकर्ता राष्ट्रीय संयोजक व कश्मीर प्रभारी ने देश भक्ति गीत मेरा रंग दे बसंती चोला सुना कर भावुक कर दिया। यात्रा में राजस्थान से मंच की राष्ट्रीय संयोजक रेशमा हुसैन, प्रदेश सयोजक अय्युब कायमखानी अज़ीज़ खान मौजूद रहे।

# प्रज्ञालोक में श्रीकृष्ण नंदोत्सव : नन्हे कान्हा की लीलाओं से गूंजा परिसर

## कर्मयोग ही जीवन का सार — आचार्य प्रज्ञासागर जी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** प्रज्ञालोक में चल रहे अनुपम चातुर्मास महोत्सव के अंतर्गत श्रीकृष्ण जन्मोत्सव रविवार को हर्षोल्लास एवं धार्मिक भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-बड़े सभी ने कृष्ण रूप धारण किया, वहीं नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाएं राधा-कृष्ण बनकर कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बने। अध्यक्ष लोकेश जैन ने बताया कि भक्ति रंग में सराबोर आयोजन में वासुदेव द्वारा कारागार से बालकृष्ण को यमुना पार कर नंदग्राम ले जाने का भावुक दृश्य नाट्यरूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। लोकश जैन, नवीन दौराया, रिंकू जैन दौराया, विनस जैन, विशाल जैन सबदरा,नितेश जैन, विजय लुहाड़िया एवं विनय शाह ने क्रमशः कृष्ण, सुदामा, वासुदेव, देवकी और ग्वालों का रूप लेकर जीवंत अभिनय प्रस्तुत किया। नंदोत्सव भी उल्लासपूर्वक मनाया गया। नन्हे कन्हैया बने बच्चों ने मटकी से माखन खाने की लीला कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जन्मोत्सव की बधाई भजन-कीर्तन के साथ गूंज उठी और वातावरण कृष्णमय हो गया। कोषाध्यक्ष अजय जैन दौराया ने बताया लगभग 175 से अधिक समाज के नन्हे बालक—बालिकाएं राधा व कृष्ण के मनमोहक गणवेष में आई जिन्हे गुरू आस्था परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरुदेव आचार्य प्रज्ञासागर जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण सच्चे कर्मयोगी थे। उन्होंने गीता के माध्यम से संसार को कर्म का संदेश दिया कि शुभ कर्म सुख लाते हैं और अशुभ कर्म दुख का कारण बनते हैं। गुरुदेव ने समझाया कि गीता में वर्णित कर्म का यही संदेश समयसार जी में भी मिलता है। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए कहा कि कृष्ण का जन्म कारागार में मध्यरात्रि को हुआ, जब घड़ी के तीनों कांटे एक बिंदु पर आकर मिलते हैं। यह प्रतीक है सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र और सम्यक दर्शन का। जब यह तीनों तत्व हमारे जीवन में एक साथ आते हैं, तभी आत्मा परमात्मा का स्वरूप प्राप्त करती है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा जीवन भी कर्मरूपी कारागार में बंधा हुआ है। जब आत्मा में परमात्मा का जन्म होगा, तभी कर्मबंधनों की बेड़ियां स्वतः टूट जाएंगी और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।



# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** जिलेभर में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम धौलपुर स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ, जहां मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी. टी. ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस, सशस्त्र पुलिस, गृह रक्षा दल, एनसीसी व स्काउट गाइड की टुकड़ियों ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने राज्यपाल का संदेश पढ़ा। समारोह में उपस्थित अतिथियों और आमजन को बाल विवाह उन्मूलन की शपथ भी दिलाई गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने व्यायाम पीटी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति का रंग जमाया।

## विभागीय कार्यालयों में भी ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस पर जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, संस्थानों और विद्यालयों में ध्वजारोहण हुआ। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विकास सांगवान, स्वास्थ्य भवन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना, पंचायत समिति में विकास अधिकारी, तथा तहसील और विद्यालयों में संबंधित अधिकारियों ने तिरंगा फहराया।

**उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं का सम्मान**–समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, भामाशाहों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शहीदों की वीरांगनाओं सुशीला देवी, उर्मिला देवी, अंजना सिकरवार, रंजना देवी और रेखा तौमर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह, जिला परिषद सीईओ ए.एन. सोमनाथ, विधायक शोभारानी कुशवाह, भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, भाजपा नेता डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# अजीजपुरा क्षेत्र में जलदाय विभाग की जर्जर कोठी, कभी भी हो सकती है धराशायी

## हादसा हुआ तो छह वार्डों की पानी सप्लाई ठप होने का खतरा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के गुमट अजीजपुरा क्षेत्र में गुमट प्राथमिक विद्यालय के पास बनी जलदाय विभाग की 40 साल पुरानी सप्लाई कोठी जर्जर हालत में पहुंच गई है। कोठी में दरारें और छत की पट्टियां टूटने से यह कभी भी धराशायी हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसा हुआ तो छह वार्डों की पानी सप्लाई ठप हो जाएगी और बड़ा नुकसान हो सकता है। मोहल्लेवासी परवेज खान, गोपाल जाटव, रसीद चौधरी, फजलू खान, पप्पू भगत आदि ने बताया कि कोठी बनने के बाद विभाग ने कभी मरम्मत नहीं कराई। यहां न तो चारदीवारी है और न ही उचित रखरखाव। खुले स्थान होने के कारण लोग कूड़ा डालते हैं, जिससे नालियां अवरुद्ध हो रही हैं और गंदा पानी बोरिंग में जाने से पेयजल सप्लाई दूषित होने का खतरा है।

समाजसेवी आकाश सेठ ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते मरम्मत और चारदीवारी नहीं की गई तो हादसा निश्चित है। पानी सप्लाई रुकने पर अजीजपुरा, करीम कॉलोनी, नया वास, छोकर कॉलोनी, जाटव मोहल्ला, छोटा किला, सफेद पीर, बड़ी मस्जिद और अलीगढ़ मोड़ क्षेत्र प्रभावित होंगे।

जलदाय विभाग के एक्सईएन देशराज गुर्जर ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं थी, एईएन को निर्देश दिए जाएंगे और शीघ्र कार्रवाई होगी।

# ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र में 'गर्व के साथ उम्र बढ़ाएं और सम्मान के साथ जिएं' विषयक कार्यक्रम आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय, राजयोग सेवा केंद्र रावतभाटा में 'गर्व के साथ उम्र बढ़ाएं और सम्मान के साथ जिएं' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुणे से पधारे बीके दत्ता रोकड़े भाई रहे। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के समाजसेवा प्रभाग और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के बीच हाल ही में तीन वर्ष की अवधि के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते के तहत देशभर में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु 'एजिंग विद डिग्निटी' (सम्मान के साथ वृद्धावस्था) कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी पहल का शुभारंभ राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र, नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के करकमलों से हुआ था।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रमों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों में वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान, योग, आध्यात्मिक सत्र, गोष्ठी एवं विविध गतिविधियों के माध्यम से आनंदमय और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

रावतभाटा सेवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम का संचालन बीके प्रीति दीदी ने किया। बीके अंकिता दीदी के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में बीके लवीना दीदी, बीके निहारिका दीदी, बीके चित्रा दीदी सहित अनेक भाई-बहनों ने सहभागिता की। उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और वर्तमान समय में इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

# बाड़ी में भी मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, 38 कार्मिक और पत्रकार सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी में स्वतंत्रता दिवस समारोह किला परिसर स्थित पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और राज्यपाल का संदेश पढ़ा। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पीटी प्रदर्शन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उपखंड क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु बाड़ी उपखंड में पत्रकार राजू शर्मा (ब्यूरो चीफ, धौलपुर) तथा जिला स्तर पर पत्रकार प्रमोद मुद्गल को सम्मानित किया गया।

नगर पालिका, तहसील परिसर, न्यायालय और विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यालयों सहित सरकारी-गैरसरकारी विद्यालयों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम हुए।

# हवन एवं पूर्णाहुति के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** श्रीकृष्ण वाटिका धायभाई जी की पुलां में चल रही 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत आज हवन एवं पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुई। कथा समापन पर आयोजक मनोरथी परिवार कन्हैयालाल धायभाई और श्रीमती मंदाकिनी धायभाई की ओर से कथावाचक महाराज वैंकटेश भाई व उनकी पूरी टीम का स्वागत किया गया, साथ ही कथा श्रवण करने आए सभी भक्तों को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। कथा के समापन पर सभी श्रोताओं को प्रसाद वितरण के साथ ही और स्नेह भोजन का आयोजन किया गया। यह सात दिवसीय भागवत कथा बहुत सफल और सभी सनातनी भक्तों के लिए प्रेरणामयी रही।


# नवीन अग्रवाल बने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन रायपुर (छत्तीसगढ़) में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कई प्रांतों के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसी क्रम में बहरोड़ निवासी एवं अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के पूर्व युवा प्रदेश सचिव नवीन अग्रवाल को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवीन अग्रवाल ने इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिंदल, युवा महामंत्री राजेश अग्रवाल, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, प्रदेश महामंत्री सन्मति हरक्रा, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग, महिला प्रदेश अध्यक्ष आरती गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट अजय अग्रवाल सहित पूरे राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# रामसागर बांध किनारे बाबा विशिनिगिर का लक्खी मेला, हजारों श्रद्धालु पहुंचे दर्शन करने

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के रामसागर बांध किनारे स्थित लोक देवता बाबा विशिनिगिर के आश्रम पर भाद्र मास कृष्ण पक्ष नवमी को रविवार को पारंपरिक लक्खी मेले का आयोजन हुआ। इस अवसर पर दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा को ढोक लगाई, मनौती मांगी और महाआरती में हिस्सा लिया।

मेले की तैयारियां कई दिन पहले से ही मंदिर कमेटी द्वारा की गई थीं। आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी भी पहुंचे। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रामखिलाड़ी मीणा ने बताया कि मेले की शुरुआत सप्तमी से हो जाती है, लेकिन नवमी को विशेष जात के साथ भक्तों की सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ती है।

## प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुदृढ़

एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने बताया कि यह सिर्फ बाड़ी ही नहीं, बल्कि पूरे जिले का बड़ा मेला है। सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा को मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। सदर पुलिस सहित करीब डेढ़ सौ जवानों की तैनाती की गई, जबकि सीओ महेंद्र कुमार स्वयं व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे। वाहनों की आवाजाही के लिए दो वैकल्पिक रूट बनाए गए, क्योंकि भारी बारिश के चलते रामसागर बांध की रपट पर पानी बहने से एक मार्ग बंद करना पड़ा।

## त्वचा रोगों के आराध्य देव

लोक देवता बाबा विशिनिगिर को त्वचा रोगों और कैंसर के आराध्य देव के रूप में पूजा जाता है। श्रद्धालु बाबा की भभूति और पानी को चमत्कारी मानते हैं। बाबा की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है, जिसके चलते राजस्थान के अलावा दिल्ली, बिहार, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश से भी लोग यहां दर्शन के लिए आते हैं। बाबा का यह मेला ग्यारस तक चलेगा।

# जन्माष्टमी पर मंदिरों में गूंजे जयकारे, दाऊजी महाराज मंदिर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर शनिवार रात नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के सभी मंदिरों को आकर्षक सजावट से आलोकित किया गया और गली-गली में सामूहिक झांकियां सजीं।

किला परिसर स्थित दाऊजी महाराज मंदिर में आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रात 11:30 बजे एक युवा टोली मटकी तक पहुंची और शिखर पर पहुंचे युवक ने मटकी फोड़कर उसमें रखा माखन भक्तों पर बरसाया। आयोजन समिति ने विजेता टोली को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

शहर के प्रमुख मंदिरों — गुमट हनुमान मंदिर, पटवारी मंदिर, कमलेश्वर महादेव मंदिर, सोमेश्वर महादेव मंदिर, मुरली मनोहर मंदिर और विठ्ठलनाथ मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन गूंजे, भगवान कृष्ण को हिंडोले में झुलाया गया और भक्तों ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

कुछ जगहों पर सुदामा चरित्र का मंचन भी हुआ, वहीं हदबिक शिवहरे को भगवान श्रीकृष्ण के रूप में सुसज्जित किया गया, जिनका दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।



# वोट चोरी के विरोध में यूथ कांग्रेस का मशाल जुलूस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार शाम बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में वोट चोरी के विरोध में मशाल जुलूस निकाला। यह जुलूस चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (स्थ्त्र) तथा भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध स्वरूप आयोजित किया गया। जुलूस शाम 7 बजे अग्रवाल पंचायती धर्मशाला से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ किला गेट स्थित गांधी पार्क पर संपन्न हुआ। विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत सिंह परमार ने इस मौके पर चुनाव आयोग और भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वोट चोरी लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा ने आरोप लगाया कि भाजपा वोट चोरी कर राज्यों में सरकार बनाती रही है। उन्होंने महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। नगर अध्यक्ष सैफ सईद खां ने कहा कि फर्जीवाड़े से बनी सरकार लोकतंत्र के लिए घातक है।

## ये रहे मौजूद

यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव आर्यन राय, प्रवक्ता भूदेव शर्मा, जिला महासचिव, महिला प्रभारी सेवादल रोशनी शिवहरे, महिला अध्यक्ष शबनम खां, राजकुमार भारद्वाज, ध्रुव शुक्ला, महादेव मीणा, अनिल अरेला, योगेश अग्रवाल, राजकुमार कंसाना, केशव मीणा, अजय मीणा, हरिसिंह पहाड़िया, राम अवतार शर्मा, सुशीला, अकरम पठान, बैजयंती, चंद्रकांत जाटव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस संगठनों से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे।




# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने श्रीनाथजी के किए दर्शन, अधिकारियों की बैठक लेकर जानी योजनाओं की प्रगति

बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा/राजसमंद।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को नाथद्वारा पहुंचीं और सर्वप्रथम श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के उपरांत उन्होंने न्यू कॉटेज में सार्वजनिक निर्माण, पर्यटन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी वंचित न रहे। बजट घोषणाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारें।

उन्होंने पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए जलदेवी मंदिर (रेलमगरा), चारभुजा मंदिर, दूधतलाई सौंदर्यीकरण, कुंभलगढ़ क्षेत्र के पर्यटन विकास, छोटा गोपालपुरा बावड़ी व सुंदर विलास कुंड नाथद्वारा के जीर्णोद्धार जैसे कार्यों की प्रगति जानी। साथ ही कांकरोली स्थित द्वारकाधीश मंदिर तक रिंग रोड निर्माण की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा में केलवा-आमेट, मादड़ी-लसानी ताल वाया आमेट-देवगढ़, चारभुजा-सेवंत्री तथा बडारडा पुठिया-फरारा महादेव तक लगभग 70 किमी सड़कों के निर्माण व सुदृढ़ीकरण कार्यों की प्रगति पर जानकारी ली।



महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत डीएमएफटी/सीएसआर फंड से कराने, पूरक पोषाहार की गुणवत्ता सुधारने, मातृ वंदना व मातृ पोषण योजना का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पहुंचाने तथा पोषण ट्रैकर के एफआरएस कार्य को शत प्रतिशत शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, भीम विधायक हरिसिंह रावत, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, एडीएम नरेश बुनकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

# नंदोत्सव:मनमोहक झांकियों से सजा इस्कॉन मंदिर, फूल बंगले में विराजे श्रीकृष्ण...

## 'बनो यशोदा मईया, सजाओ अपने कन्हैया' प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** किशोरपुरा स्थित इस्कॉन केंद्र गोविंद धाम में रविवार को नंदोत्सव और इस्कॉन संस्थापक आचार्य जगद्गुरु श्रील प्रभुपाद का आविर्भाव महोत्सव बड़े धूमधाम और धार्मिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक झांकियों और फूल बंगले से सजाया गया, जहां भक्तों ने बाल स्वरूप लड्डू गोपाल के दर्शन कर आनंद की अनुभूति की।

कार्यक्रम में मायापुरवासी प्रभुजी ने श्रील प्रभुपाद के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सत्तर वर्ष की आयु में उन्होंने संपूर्ण विश्व में चैतन्य महाप्रभु की शिक्षाओं के अनुरूप हरिनाम संकीर्तन और कृष्ण भक्ति का प्रचार किया। आज विश्वभर में इस्कॉन के 800 से अधिक मंदिर संचालित हो रहे हैं।

महोत्सव के अंतर्गत 'बनो यशोदा मईया, सजाओ अपने कन्हैया' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने-अपने कन्हैया का अलौकिक श्रृंगार किया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।

श्री केशव कथक केंद्र की संचालिका नेहा पांचाल और उनकी शिष्याओं ने भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विशेष रूप से लड्डू गोपाल की पूजा की गई और उन्हें दही, मक्खन, मिश्री आदि विविध भोग अर्पित किए गए।

कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। भक्तगणों ने श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को नंद बाबा के घर की तरह उल्लास और आनंद के साथ मनाया तथा भक्ति, प्रेम और सामूहिक प्रसन्नता का भाव प्रकट किया।

# कान्हा जन्मोत्सव: मध्यरात्रि में 21 तोपों की सलामी, श्रृंगार दर्शन के बाद पंड्या ने पढ़ी कुंडली



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** पुष्टिमार्ग की प्रधानपीठ श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा में शनिवार मध्यरात्रि को कान्हा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठीक 12 बजे प्रभु के आगमन पर मंदिर के पट बंद कर दिए गए। इसी दौरान नगर के रिसाला चौक में नर और मादा तोपों से 21 तोपों की सलामी दी गई, जिसकी गूंज आसपास के गांवों तक सुनाई दी। इसके बाद ठाकुरजी को पंचामृत स्नान कराया गया तथा पंड्या ने प्रभु की जन्मकुंडली पढ़ी। बताया गया कि यह श्रीनाथजी का 5191वां जन्मोत्सव है। राजभोग के दर्शन में प्रभु को महाभोग अर्पित किया गया। रविवार को नगर में श्रीकृष्ण लीलाओं से सुसज्जित झांकियों की भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए साथ चल रहे थे। शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: रिसाला चौक पहुंची। अगले दिन श्रीनाथजी हवेली में नंदोत्सव का आयोजन हुआ। मंगला दर्शन के बाद तिलकायत एवं तिलकायत पुत्र विशाल बावा ने श्रीजी प्रभु और लाडले लाल प्रभु की छठी पूजा की। परंपरा के अनुसार, यह पूजन छोटे कान्हा को बुरी नजर से बचाने और उनकी सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर श्रीजी प्रभु को स्वर्ण पल्लने में झुलाया गया। नंदबाबा और यशोदा मैया का रूप धारण कर सेवकों ने लाडले लाल प्रभु को पल्लना झुलाया। पूरी हवेली में दूध, दही और केसर का भव्य छिड़काव कर दूध-दही की होली खेली गई। ग्वाल-बाल और सेवकों ने गोप-गोपियों का रूप धारण कर नृत्य प्रस्तुत किया और प्रभु को रिझाया।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजपोल में ध्वजारोहण, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**कोटा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजपोल में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन कोटा रीजन अध्यक्ष अनिल जैन ठौरा एवं महासचिव पीयूष जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अनिल जैन ठौरा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत कभी विश्व गुरु और सोने की चिड़िया कहलाता था, किंतु आपसी फूट के कारण हमें गुलामी का दंश झेलना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि आजादी के बाद देश निरंतर विकास के मार्ग पर अग्रसर है और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को पुन: परम वैभव पर पहुँचाकर विश्व गुरु बनाया जाए।

## जे.के. सीमेंट परिसर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मना जन्माष्टमी पर्व



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** जे.के. सीमेंट परिसर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और पुष्पों से सजाया गया तथा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित सुंदर झांकियां सजाई गईं। समिति अध्यक्ष विकास सरावगी ने बताया कि यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के मार्गदर्शन में सुबह विधि-विधान से सपत्नीक पूजा-अर्चना की गई। शाम को उपखंड अधिकारी विकास पंचोली के मुख्य आतिथ्य में भजन संध्या का आयोजन हुआ। मंदसौर से हर्षिता कड़ोतिया, चित्तौड़गढ़ से भावेश कुमावत, निम्बाहेड़ा से अखिलेश ठाकुर और जे.के. सीमेंट से रवि पाटीदार ने भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति संगीत की मधुर धुनों पर अधिकारीगण और उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नृत्य करते नजर आए। भजन संध्या के दौरान श्रद्धा और उत्साह का ऐसा माहौल बना कि सभी श्रोता झूम उठे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी विकास पंचोली का स्वागत यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने उपरणा ओढ़ाकर किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण हुआ। समारोह में जे.के. सीमेंट के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल, कमर्शियल हेड रविन्द्र गर्ग, टेक्निकल हेड राजेश सोनी, मुरली मनोहर लड्ढा, माइंस हेड यतेन्द्र शर्मा, कॉर्पोरेट सेफ्टी हेड आशुतोष श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक (लेखा) विकास सरावगी, सिक्योरिटी हेड दुष्यंत चौहान, सहायक प्रबंधक (मैकेनिकल) सतीश शर्मा, उद्यानिकी विभाग के अजय दशोरा और इलेक्ट्रिकल विभाग से तेज सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष विकास सरावगी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी धर्मप्रेमी बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

## धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** शहर में जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। विकास नगर राधा कृष्ण महिला मंडल समिति द्वारा आयोजित भजन संध्या में स्थानीय महिला-पुरुषों ने भक्ति भाव से भजनों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद शांति सोनी एवं कांग्रेस शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी ने भी शिरकत की। इसी प्रकार, कसेरा समाज ने भी जन्माष्टमी पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया। नागदी बाजार स्थित बंशीधर नाथ मंदिर में हुए भव्य आयोजन में समाज के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रवक्ता अमित कसेरा ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक भजनों पर नृत्य कर पूरे परिसर को भक्ति से सराबोर कर दिया।

मंदिर में श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित झांकियां सजाई गईं। ठाकुरजी को फूलों से सजे झूले में विराजमान किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। रात्रि 12 बजे भगवान के जन्मोत्सव पर महाआरती की गई और तत्पश्चात पंजीरी, सोंठ के लड्डू तथा माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित हुआ। इस मौके पर समाज अध्यक्ष योगेश कसेरा, कपिल कसेरा, गोपाल कसेरा, रमेश कसेरा और शिवप्रकाश कसेरा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन ने कसेरा समाज की एकता और गहरी धार्मिक आस्था को प्रकट किया।

# जे.के. सीमेंट वर्क्स में उल्लासपूर्वक मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** जे.के. सीमेंट के निंबाहेड़ा और मांगरोल इकाइयों में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोनों स्थानों पर समारोह यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निंबाहेड़ा इकाई में यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल और मांगरोल इकाई में टेक्निकल हेड मुरली मनोहर लड्ढा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद सुरक्षा बलों ने परेड का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरक्षा प्रहरियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मनीष तोषनीवाल ने कहा कि स्वतंत्रता असंख्य वीरों के बलिदान का परिणाम है। संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि के कारण आज हमारा लोकतंत्र सशक्त और जीवंत है। देश, प्रदेश और उद्योग—सभी की प्रगति के लिए हमें एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावनात्मक बना दिया। कार्यक्रम में जे.के. सीमेंट के कमर्शियल हेड रविन्द्र गर्ग, टेक्निकल हेड राजेश सोनी, कॉर्पोरेट सेफ्टी हेड आशुतोष श्रीवास्तव, सिक्योरिटी हेड दुष्यंत सिंह, श्रमिक संघ अध्यक्ष चैन सिंह शक्तावत, महामंत्री राज सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और कैलाश नगरवासी मौजूद रहे।

आभार व्यक्त सिक्योरिटी हेड दुष्यंत सिंह ने किया जबकि संचालन मोहित राव ने संभाला। इसी प्रकार मांगरोल इकाई में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। यहां टेक्निकल हेड मुरली मनोहर लड्ढा ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए जे.के. सीमेंट की देश निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह में शांतिलाल जैन (हेड एएफआर), दीपक कुमार सोनी (हेड मैकेनिकल), सोमेश गौड़ (हेड इंस्ट्रूमेंटेशन), सुरेंद्र कुमार जोशी (उप महाप्रबंधक क्यूसी), विकेश जैन (हेड इलेक्ट्रिकल), जगन्नाथ अड़की (हेड पैकिंग), विशाल लड्ढा (हेड निवारक अनुरक्षण कक्ष), भुवनेश सिंह (सीनियर मैनेजर एचआर), शक्तिमान सिंह (सुरक्षा प्रमुख) सहित श्रमिक संघ अध्यक्ष सत्यनारायण मेनारिया, महामंत्री धर्मपुरी गोस्वामी और बड़ी संख्या में कर्मचारी व श्रमिक शामिल हुए। समारोह का संचालन गीतिका एवं रवि यादव ने किया जबकि आभार सीनियर मैनेजर एचआर भुवनेश सिंह ने व्यक्त किया।

## हिन्दुत्व की रक्षा हेतु एकजुट होना होगा - मालव

### विहिप स्थापना दिवस पर नैनवां में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर. सैनी)।** रविवार को नैनवां की एक निजी हवेली में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का स्थापना दिवस प्रबुद्धजन सम्मेलन के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में नैनवां शहर व देहात क्षेत्र से जुड़े विहिप कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मेलन में मुख्य वक्ता प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख एडवोकेट मोहन मालव ने परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद धर्म मार्ग पर समाज को एकत्रित करने का कार्य करता है और हिंदुत्व राष्ट्र की स्थापना के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि परिषद समाज में समरसता का भाव जागृत करती है। मालव ने आह्वान किया कि आने वाली चुनौतियों को देखते हुए हिंदू समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा तथा बहन-बेटियों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना होगा। उन्होंने बताया कि विहिप इस दिशा में पूरे राष्ट्र में कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रांत धर्मयात्रा महासंघ प्रमुख इंद्रराज मीणा, विभाग संगठन मंत्री लक्ष्मीचंद जांगिड़, विभाग सहसंयोजक (बजरंग दल) लक्की चोपड़ा और नंदलाल वर्मा (जिलाध्यक्ष) मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड मंत्री पवन गौतम ने किया। सम्मेलन में जिला विद्यार्थी प्रमुख शेखर व्यास, प्रखंड संयोजक धनराज सैनी, सहसंयोजक सीताराम गुर्जर, नगर सह मंत्री मुकेश नागर, राजेश जोगी, भव्य परासर, सोनू जांगिड़ सहित अनेक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## शंभूपुरा में 79वां स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** शंभूपुरा में अग्रवाल व्हाइट हाउस पर अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के नेतृत्व में 15 अगस्त का 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह चुंडावत अमराणा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष राजू अग्रवाल, ओबीसी मंडल अध्यक्ष उदय लाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष वर्दीचंद डांगी, महेंद्र सिंह सामरी, संजय कुमावत, ऊंकार लाल गुर्जर, वल्लभ मोदी, दिलखुश जाट और जितेंद्र वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भाजपा नेता राजू अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश के लिए गर्व और उत्साह का प्रतीक है। यह दिन उन वीरों की याद दिलाता है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजादी दिलाई। उन्होंने सभी से देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

# विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस बजरंगी चौराहा पर धूमधाम से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) भीलवाड़ा महानगर द्वारा रविवार को बजरंगी चौराहा पर संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं और आमजन ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि विहिप की स्थापना वर्ष 1964 में कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुंबई स्थित संदीपनी आश्रम में संतों एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक पूज्य माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'श्री गुरुजी' की उपस्थिति में हुई थी। इस वर्ष परिषद अपने 61वें स्थापना दिवस की ओर अग्रसर है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महानगर इकाई द्वारा विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विहिप, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी द्वारा वर्षभर किए गए सामाजिक और धार्मिक कार्यों का प्रदर्शन किया गया। हजारों धर्मप्रेमी बंधुओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर गतिविधियों की जानकारी ली। महानगर मंत्री ओमप्रकाश ने बताया कि धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा में मातृशक्ति और युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। प्रदर्शनी में लव जिहाद, लैंड जिहाद और अन्य जिहादी गतिविधियों से समाज को सतर्क रहने के संदेश झांकियों और पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बहेडिया एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बुलिया ने मंत्रोच्चार के बीच किया। इस दौरान बनी अखंड भारत की आकर्षक रंगोली सभी के आकर्षण का केंद्र रही। उपस्थित कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति ने भारत को पुनः अखंड बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभाग मंत्री विजय ओझा, महानगर संयोजक मुकेश मंडोवरा, सह संयोजक पवन ठाकुर, सह मंत्री सौम्या मेहता, सुशील सुवालका, सुमित खंडेलवाल, बाबूलाल सेन, विकास सुवालका, अनिल बांठिया, श्याम शर्मा, घनश्याम खंडेलवाल, सतु बजरंगी, कैलाश साहू, पप्पू साहू, लक्ष्मण सिंह, सुनील शर्मा, हितेश कृपलानी, ऋतिक जगत्यानी, अनिल वैष्णव, मनोज राव, विजय कसारा, ऋषि हाड़ा, मानसिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं मातृशक्ति दुर्गावाहिनी से विभाग संयोजिका सोनाली जांगिड, सह संयोजिका लक्ष्मी वर्मा, गायत्री सोनी, कलावती सोनी, सरोज पालीवाल आदि बहनें भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद कार्यालय पर ध्वजारोहण एवं सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद, नई दिल्ली के निंबाहेड़ा स्थित स्टेशन रोड कार्यालय पर शुक्रवार, 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी गई तथा शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों को नमन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उपरणा ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं वरिष्ठ जनों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों को मेवाड़ी पगड़ी, उपरणा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद बंसीलाल राईवाल थे। अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं संविधान रक्षक इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल सोलंकी ने की। आयोजन का संचालन प्रदेश महासचिव रामचंद्र बामनिया ने किया, जबकि स्वागत उद्बोधन जिला अध्यक्ष जयसिंह मीणा ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोलंकी ने किया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता राजेश आगरी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.आर. मेघवाल, सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता हजारीलाल मेघवाल, डॉ. राज सिकंदर (नई दिल्ली), श्रीमती रिंकू राज मीणा, प्रदेश संगठन सचिव रामचंद्र मीणा, जिला संरक्षक उदयराम पहाड़िया, नगर अध्यक्ष निर्मला खटीक, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राधेश्याम राव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अधिवक्ता, समाजसेवी, संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी अपने परिजनों के साथ उपस्थित रहे। समारोह के अंत में मिठाई एवं अल्पाहार का वितरण किया गया।

इस अवसर पर परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष बिहारीलाल सोलंकी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं और देश की एकता एवं प्रगति में सहयोग देने का आह्वान किया।

## श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन में 60 श्रावकों ने किए तेले तप



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में नगर के अंबेश भवन में साध्वी कंचन कंवर म.सा. आदि ठाणा-3 के सानिध्य में श्री कान कंवर म.सा. की 115वीं जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 60 श्रावक-श्राविकाओं ने हर्षोल्लास के साथ तेले तप किए। इस अवसर पर साध्वी कंचन कंवर ने तेले तप का महत्व बताते हुए कहा कि जैसे सोने को तपाकर आभूषण बनाया जाता है, उसी प्रकार आत्मा को तप के माध्यम से परमात्मा बनाया जा सकता है। यही मोक्ष का मार्ग है। धर्मसभा में श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि कार्यक्रम में राशमी, डिंडोली, कांकरोली, सुरपुर, पांडोली, उमंड, गिलुण्ड, गोराजी का निंबाहेड़ा सहित कई क्षेत्रों के श्रावक-श्राविकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पारणा का लाभ मोतीलाल-कंचन देवी चंडालिया परिवार, महावीर नवयुवक मंडल एवं चेन्नई निवासी लोढ़ा परिवार द्वारा लिया गया। तपस्वियों को प्रभावना भी दी गई। कार्यक्रम में नवयुवक मंडल अध्यक्ष राहुल हिंगड़ ने तपस्वियों पर आधारित गीत प्रस्तुत किया।

आयोजन में संघ संरक्षक शंकरलाल लोढ़ा, अनिल बाघमार, मंत्री प्रकाश आंचलिया, रूपलाल डांगी, हेमंत सिरोया, महिला अध्यक्ष प्रियंका दुग्गड़, महिला मंडल मंत्री एवं पूर्व पार्षद सुनिता सांवला सहित अनेक श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहीं। महावीर नवयुवक मंडल कपासन के सदस्यों ने तेले तप आयोजन हेतु सुनियोजित व्यवस्था की और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## 35 दिवसीय विधान का समापन, श्रीजी की निकाली शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर. सैनी)।** शांति वीर धर्म स्थल पर णमोकार मंत्र के 35 दिवसीय विधान का समापन मुनि श्री के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। विधान में 35 जोड़ों ने भाग लिया। भगवान का पंचामृत से अभिषेक किया गया। धर्मसभा में प्रवचन देते हुए प्रज्ञान सागर महाराज ने कहा कि यह विधान करने वाले परिवार पुण्यशाली हैं। मृत्यु जीवन का अवश्यंभावी सत्य है, अतः उसका स्वागत हंसते हुए करना चाहिए। मनुष्य जन्म, मृत्यु, बुढ़ापा और रोग से गुजरता है, इसलिए साधना और धर्म-कर्म से जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। श्रीजी की शोभायात्रा - विधान के समापन अवसर पर शांति वीर धर्म स्थल से भगवान श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रथ पर विराजमान श्रीजी के साथ पाँच बग्गियों में इंद्र-इंद्राणी शोभायमान रहे। गाजे-बाजे व फूलों की वर्षा से नगर में शोभायात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा शांति वीर धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहीद भगत सिंह चौक, उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय, बाईपास रोड और मास्टर कॉलोनी से होते हुए पुनः शांति वीर धर्म स्थल पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जयपुर, कोटा, टोंक, निवाई, उनियारा, जजावर, सवाई माधोपुर सहित अनेक स्थानों से मुनि भक्त उपस्थित हुए और प्रवचनों का लाभ लिया।

## गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई श्री डिग्गी कल्याण की 27वीं पदयात्रा

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर. सैनी)।** श्री डिग्गी कल्याण पदयात्रा सेवा समिति द्वारा आयोजित 27वीं वार्षिक पैदल यात्रा रविवार को श्री चारभुजानाथ मंदिर, मालदेव चौक, नैनवां से ध्वज पूजन के पश्चात गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। सेवा समिति अध्यक्ष महावीर नागर चेनपुरिया ने बताया कि इस बार यात्रा हर्षोल्लास के साथ शुरू हुई, जिसमें नैनवां सहित चेनपुरिया, टोपा, दियाली, बांमन गांव, महावीरपुरा और पाई से लगभग 150 श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा का पहला पड़ाव धन्ना भगत, घूआ कला रहेगा, जहां रात 8 बजे आशु भारती, पप्पू फटुकड़ा और



नितिन म्यूजिक ग्रुप द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा। दूसरा पड़ाव 18 अगस्त को टोडारायसिंह (भूतेश्वर महादेव मंदिर, नया बस स्टैंड), तीसरा पड़ाव 19 अगस्त को महेश सेवा सदन, मालपुरा तथा चौथा पड़ाव 20 अगस्त को जाट धर्मशाला, डिग्गी होगा। चौथे दिन दोपहर सवा 12 बजे यात्रा डिग्गी कल्याण महाराज मंदिर पहुंचेगी, जहां ध्वज अर्पण कर समापन होगा। इसके उपरांत जाट धर्मशाला में महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। समिति के सभी सदस्य यात्रा की व्यवस्थाओं में सहयोग करेंगे।

## सरकार की जन विरोधी नीतियों को लेकर जजावर में कांग्रेस की विशाल बैठक कल

### डीसीसी अध्यक्ष प्रेमी सहित विधायक चांदना एवं शर्मा होंगे मुख्य वक्ता

बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** कांग्रेस के सुवानियां मंडल में शामिल समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ,पदाधिकारियो सहित पार्टी के पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों की एक विशाल बैठक मंगलवार 19 अगस्त को जजावर में होगी। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस मंडल अध्यक्ष एवं स्थानीय प्रशासक रामप्रकाश धाकड़ एवं संगठन मंत्री पप्पू नागर (लखपति) ने बताया कि जजावर बस स्टैंड स्थित बालाजी धाम पर दोपहर 1 बजे आयोजित होने वाली इस बैठक को डीसीसी अध्यक्ष सीएल प्रेमी सहित विधायक अशोक चांदना एवं हरिमोहन शर्मा संबोधित करेंगे । धाकड़ ने बताया कि बैठक में सरकार द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध एवं किसानों को मुआवजा दिलाने सहित अन्य जन विरोधी नीतियों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा को अंतिम रुप दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री की घोषणा के बावजूद पाकिस्तान जा रहा पानी

## कांग्रेस के पूर्व मंत्री का दावा; बोले- राजस्थान के किसानों को पानी नहीं मिल रहा

बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर ( नि.स. )।** कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा- प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि पाकिस्तान का पानी रोक देंगे। वो ठीक बात है लेकिन, पाकिस्तान तो पानी जा रहा है। उनकी घोषणा का क्या हुआ? यहां की राज्य सरकार उसकी पालना भी नहीं कर रही है जो प्रधानमंत्री ने कहा है। पानी पाकिस्तान जा रहा है और यहां के किसानों को पानी नहीं जा रहा है। रविवार को भाटी ने बीकानेर में सर्किट हाउस में मीडिया से बात की। उन्होंने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में धरना देने की बात की।

### अब 4 पॉइंट्स में समझिए भाटी का दावा

1. पानी का लेवल कम किया जा रहा: भाटी ने मीडिया से कहा- पानी का लेवल पोंग डैम (हिमाचल) में 1400 फीट तक आ सकता है लेकिन जानबूझकर नहीं किया जा रहा। हरिके बैराज (पंजाब) से पानी पाकिस्तान की ओर जा रहा है लेकिन, किसान के लिए चार में दो बारी भी पानी नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में कोलायत सहित बीकानेर के किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।
2. पोंड लेवल नीचे रख रहे: भाटी ने दावा किया- हरिके बैराज का पोंड लेवल नीचा किया जा रहा है। इससे लगातार 25 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी पाकिस्तान जा रहा है।
3. पश्चिमी राजस्थान में पानी नहीं: इसके बाद भी पश्चिमी राजस्थान के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं दिया जा रहा है। पश्चिमी राजस्थान में बारिश कम हुई है, नहरी पानी भी कम मिल रहा है। ऐसे में फसलें बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई है।
4. 55 हजार क्यूसेक पानी की निकासी: भाटी ने कहा- भंवर सिंह ने कहा कि इस वर्ष पोंग डेम के कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश होने से पोंग डैम का लेवल पंद्रह अगस्त को 1377.26 फीट था जबकि 83315 का इन्फ्लो था। पिछले एक सप्ताह से लगातार 55 हजार क्यूसेक पानी की निकासी दी जा रही है। ऐसे में पोंग डैम में पानी होने के बावजूद किसानों को चार में दो बारी (टर्म) पानी नहीं दिया जा रहा है।

# जयपुर में ई-रिक्शा ड्राइवर की हत्या

## धारदार हथियार से रेता गला, सड़क किनारे पड़ी मिली लाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में शनिवार रात ई-रिक्शा ड्राइवर की हत्या का मामला सामने आया है। धारदार हथियार से ई-रिक्शा ड्राइवर को गला रेतकर मारा गया। मुहाना थाना पुलिस को रोड किनारे लहूलुहान हालत में उसकी लाश पड़ी मिली। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हत्यारे की तलाश शुरू कर दी है। एसएचओ (मुहाना) गुर भूपेन्द्र सिंह ने बताया- मालपुरा गेट के रहने वाले मनोज कुमार (33) की हत्या की गई है। वह ई-रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करता था।

शनिवार रात करीब 9:30 बजे मुहाना इलाके में स्थित राजावत फॉर्म हाउस के पीछे रोड किनारे उसका शव पड़ा था। सुनसान रोड से गुजरने वाले राहगीरों को लहूलुहान हालत में रोड किनारे शव पड़ा दिखा। युवक का मर्डर होने का पता चलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मुहाना थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। जांच करने पर धारदार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या करना सामने आया।

# जयपुर में 4 घंटे पैसेंजर्स को फ्लाइट में बैठाए रखा

## रनवे पर तकनीकी खराबी आई, 15 घंटे बाद भी उड़ान नहीं भर पाई फ्लाइट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर से अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट में टेक ऑफ से ठीक पहले तकनीकी खराबी आ गई। देर रात तक फ्लाइट ठीक नहीं हो पाई। इसके बाद एयरलाइन कंपनी ने नाराज पैसेंजर्स को होटल में शिफ्ट किया। फ्लाइट 15 घंटे बाद भी टेकऑफ नहीं कर पाई है। एतिहाद एयरलाइंस की फ्लाइट ईवाई - 327 को जयपुर से अबू धाबी के लिए उड़ान भरनी थी। शनिवार रात 9 बजकर 35 मिनट पर फ्लाइट टेक ऑफ करने वाली थी। सभी पैसेंजर्स फ्लाइट में सवार होकर रनवे पर भी पहुंच गए थे। अचानक फ्लाइट में खराबी आ गई। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर से संपर्क कर फ्लाइट की टेक ऑफ को स्थगित कर फ्लाइट फिर से एप्रन में पार्क किया।

# बेटी को गोद में लेकर तीसरी मंजिल से कूदी मां

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में 5 साल की बेटी को गोद में लेकर मां ने घर की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। जमीन पर गिरने से बच्ची की मौत हो गई। जबकि मां गंभीर घायल हो गई। उसका प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। महिला के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को दहेज के लिए टॉर्चर करते थे। उसे छत से धक्का देकर गिराया गया है। भाई ने मुरलीपुरा थाने में हत्या का केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने शनिवार को आरोपी पति को अरेस्ट किया। मुरलीपुरा एसएचओ वीरेंद्र कुरील ने बताया- मामला 14 अगस्त का है। 5 साल की बच्ची प्रियांशी की मौत हुई है। उसकी मां मंजू मीणा (32) गंभीर घायल है।

# एमपी में 14 करोड़ का सोना लूटा, बिहार में छिपाया

## जबलपुर बैंक लूट के चार आरोपी गिरफ्तार; कट्टा दिखाकर 15 मिनट में की थी वारदात

बढ़ता राजस्थान

**जबलपुर ( एजेंसी )।** जबलपुर के सिहोरा में इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में 14 करोड़ का सोना और 5 लाख कैश लूटने के मामले का खुलासा हो गया। रविवार को पुलिस ने 4 आरोपियों को दमोह से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने 11 अगस्त को 15 मिनट में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि इनमें से एक आरोपी रहीस सिंह ने सारा गोल्ड बिहार के रहने वाले साथियों के पास छिपा दिया था। डेढ़ लाख अपने पास रखे थे।

इनका प्लान था कि सोना लेकर कुछ लोग बिहार में छिपे रहेंगे। मौका पाकर बिहार जाएंगे और वहां बंटवारा कर लेंगे। पुलिस ने बताया कि इसमें अभी कुछ और आरोपियों की गिरफ्तारी होनी है। गोल्ड की रिकवरी भी बाकी है।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा स्वास्थ्य शिक्षा विभाग की बजट घोषणाओं को लेकर बैठक

# नवीन चिकित्सालयों के निर्माण की समय सीमा करें तय : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रदेश की प्रत्येक गांव-ढाणी तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो और राज्य का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ रहे। इसी मंशा के साथ राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में ही कुल बजट का 8.26 प्रतिशत स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए रखा था। उन्होंने कहा कि राज्य में चिकित्सा ढ़ांचा सुदृढ़ करने के लिए चिकित्सा केन्द्रों को क्रमोन्नत करने तथा नवीन चिकित्सालय प्रारम्भ करने जैसी बजट घोषणाएं की गई हैं। इन घोषणाओं के क्रियान्वयन में अधिक आवश्यकता के आधार पर स्थानों का चयन करें, जिससे अधिक से अधिक लोगों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित हों। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं में शामिल निर्माण संबंधी कार्यों को पूरा करने की समयसीमा तय कर नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित राज्य बजट 2024-25 तथा 2025-26 की लंबित बजटीय घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के संकल्प को मजबूत करने के साथ ही, देश में राजस्थान को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए राज्य सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है।



### आरयूएचएस को रिम्स के रूप में किया जा रहा विकसित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा को नई ऊंचाइयां देने के लिए राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइसेंज (आरयूएचएस) का उन्नयन कर एम्स, दिल्ली की तर्ज पर राजस्थान इंस्टि्यट ऑफ मेडिकल साइसेंज (रिम्स) की स्थापना की जा रही है। इस पर चरणबद्ध रूप से 750 करोड़ रूपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके डिजाइनिंग एवं प्लानिंग संबंधी प्रगतिरत कार्यों में और अधिक गति लाते हुए इसे समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

### बुजुर्गों को घर पर दवा की सुविधा को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर करें प्रारम्भ-

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सवाई मानसिंह अस्पताल जैसे वृहद चिकित्सालयों पर मरीजों का भार कम करने के लिए राजधानी स्थित अस्पतालों के साथ ही प्रदेशभर के अन्य राजकीय चिकित्सालयों का और अधिक सुदृढ़ीकरण करते हुए उनमें चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष आयु से अधिक के वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार घर पर ही निःशुल्क दवा उपलब्ध करवाये जाने की बजट घोषणा को सुचारू रूप से लागू करने के लिए किसी एक जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारम्भ करते हुए चरणबद्ध रूप से प्रदेशभर में लागू किया जाए।

**चिकित्सा क्षेत्र में निरन्तर की जा रही भर्तियां**-मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के क्रम में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ ही, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर निरन्तर भर्तियां की जा रही है। हाल ही में, चिकित्सा अधिकारियों के 1699 पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में रिक्त होने वाले पदों का भी पूर्ण विवरण तैयार किया जाए।

# बिहार में वोट अधिकार यात्रा, खुली गाड़ी में राहुल-तेजस्वी

## लालू बोले-बीजेपी को उखाड़ फेंकना है, राहुल ने कहा-ये संविधान बचाने की लड़ाई

बढ़ता राजस्थान

**रोहतास ( एजेंसी )।** बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के खिलाफ राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा सासाराम से शुरू हुई। यहां के सुआरा हवाई अड्डा ग्राउंड में हुई जनसभा में राहुल बोले, ये संविधान को बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में बीजेपी-आरएसएस संविधान को मिटाने पर तुले हैं। जहां भी चुनाव होता है, ये जीतते हैं। महाराष्ट्र में ओपिनियन पोल कह रहे थे, महागठबंधन चुनाव जीतेगा। लोकसभा में महागठबंधन जीतता है, लेकिन 4 महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं। हमने पता लगवाया तो पता चला 1 करोड़ नए वोटर जादू से पैदा हो गए।

बिहार की जनता वोटों की चोरी नहीं करने देगी क्योंकि गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है। आयोग जो कर रहा है, वो सबको पता है। इलेक्शन कमीशन को हम ये नहीं करने देंगे। नरेंद्र मोदी जी और एनडीए अरबपतियों के साथ सरकार चलाती है। आप का पूरा धन 5-6 अरबपतियों को दिया जाता है। कई दिनों बाद किसी जनसभा में शामिल हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा- चोरों को हटाइए, बीजेपी को भगाइए, हमारी पार्टी को जिताइए। किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने नहीं देना है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सभी मिलकर बीजेपी को उखाड़कर फेंकिए।




### राहुल गांधी ने ईसी से पूछा सीसीटीवी देने का कानून क्यों बदला

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, मैं चुनाव आयोग से पूछना चाहता हूं कि आपने सीसीटीवी के लिए कानून बनाया था। फिर आपने उस कानून को क्यों बदला? सरकार ने इसे क्यों बदला? क्या आपको पता है कि चुनाव आयुक्त के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया जा सकता है? क्या आपको पता है कि यह कानून कब बना था? यह कानून 2023 में बना था। यह कानून 2023 में क्यों बनाया गया? क्योंकि नरेंद्र मोदी और अमित शाह चाहते हैं कि चुनाव आयोग के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। क्योंकि चुनाव आयोग उनकी मदद कर रहा है और उनके साथ मिलकर वोट चुरा रहा है।

### बिहार में वोट चोरी नहीं होने देंगे : राहुल

राहुल गांधी ने कहा, महागठबंधन के नेताओं ने मन बना लिया है कि बिहार में वोट चोरी नहीं होने देंगे। क्या आपने मेरा वीडियो देखा जहां मैं मरे लोगों के साथ चाय पी रहा हूं? चुनाव आयोग ने उन लोगों को मार डाला, जो जीवित हैं। उनका नाम हटा दिया गया। मैंने उनसे पूछा कि उनका नाम क्यों हटाया गया? उन्होंने कहा कि ऊपर से आदेश आया था। नरेंद्र मोदी का आदेश, चुनाव आयोग का आदेश और वे बिहार में लाखों लोगों के वोट काट रहे हैं। उन्होंने 65 लाख लोगों के वोट हटा दिए हैं। क्यों अडानी और अंबानी की मदद करने के लिए, ताकि वे आपका सारा पैसा चुरा लें। गरीबों के हाथ में आखिरी चीज वोट बची है, वे उसे भी छीनने की कोशिश कर रहे हैं।



# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 3 जगह बादल फटा

## 7 लोगों की मौत, कई घायल; हिमाचल के कुल्लू में भी बादल फटने से तबाही

बढ़ता राजस्थान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। आज कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। 14 अगस्त को भी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चसोटी में भी ऐसी ही घटना हुई थी। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा- लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है।

# राजस्थान के 28 जिलों में बारिश का अलर्ट

## अजमेर में 3 इंच से ज्यादा बरसात, जैसलमेर-बीकानेर में तापमान 40 डिग्री के पार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में मौसम विभाग ने 28 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसून ट्रफ लाइन के शिफ्ट होने से अगले तीन दिन उदयपुर, कोटा, जोधपुर संभाग में कहीं-कहीं तेज बारिश की संभावना है।

वहीं, शनिवार को अजमेर, पाली, जोधपुर समेत दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के शहरों में अच्छी बारिश हुई। अजमेर में 3 इंच से ज्यादा पानी बरसा। सबसे ज्यादा बरसात अजमेर के किशनगढ़ में 80एमएम दर्ज हुई। पाली, जैसलमेर, जालोर जिले के कई एरिया में रुक-रुककर बारिश हुई। उधर, उदयपुर में मदार बड़ा तालाब लबालब हो गया। करीब 24 फीट क्षमता वाले तालाब का पानी नहर के जरिए सीधे फतहसागर झील में पहुंच रहा है।



### बंगाल की खाड़ी में बैक टू बैक सिस्टम बनेंगे

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में मानसून ट्रफ जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, गुना से होकर गुजर रही है। अगले कुछ दिन बंगाल की खाड़ी में बैक टू बैक सिस्टम बनेंगे, जिससे राज्य में अगले सप्ताह से बारिश बढ़ने की संभावना है। इस सिस्टम का सर्वाधिक असर दक्षिण-पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के जिलों में होगा। इसके असर से उदयपुर संभाग के कुछ जिलों में भारी बारिश की आशंका है।

# राजस्थान में नीले-ड्रम में मिली यूपी के युवक की लाश...

## गलाने के लिए शव पर नमक डाला; पत्नी-तीन बच्चे और मकान मालिक का बेटा गायब

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल/अलवर।** राजस्थान के खैरथल-तिजारा में यूपी के मेरठ जैसा मामला सामने आया है। एक घर की छत पर नीले ड्रम में युवक का शव मिला है। शव को गलाने के लिए नमक भी डाला गया था। युवक की पत्नी, तीन बच्चे और मकान मालिक का बेटा गायब है। मामला किशनगढ़बास थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी का रविवार दोपहर 3 बजे का है। डीएसपी राजेंद्र सिंह निर्वाण ने बताया- उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के नवादिया नवाजपुर निवासी हंसराम उर्फ सूरज की लाश मिली है। मकान से बदबू आने पर मकान मालिक राजेश शर्मा की पत्नी मिथलेश ने पुलिस को कॉल किया था। मौके पर पहुंचे तो छत पर बने कमरे में नीले ड्रम में शव पड़ा मिला। जिस पर नमक डाल रखा था। युवक का धारदार हथियार से गला काटा गया था।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार